राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 305
लखनऊ, मंगलवार 7 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पांचाल घाट गंगा तट पर चला स्वच्छता अभियान 10

समृद्ध, सशक्त व आत्मनिर्भर गांव ही विकसित भारत व उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव : केशव 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,46,770/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,34,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,10,120/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## योगी कैबिनेट : नई स्टार्टअप नीति समेत 28 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# अब जलालाबाद का नाम हुआ परशुरामपुरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। कैबिनेट में विभिन्न विभागों के 29 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 28 को मंजूरी दी गई। जबकि, एक प्रस्ताव मदरसे से संबंधित स्थगित कर दिया गया। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया गया। इसके प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किया गया। यह जगह भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। शासन ने 25 जून 2025 को अनुरोध किया था। भारत सरकार से एनओसी आने के बाद इस पर अब कैबिनेट की भी सहमति मिल गई है। कैबिनेट में उप्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति के साथ ही उप्र में स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत उप्र स्टार्टअप मिशन की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा कानपुर के बिल्हौर में महर्षि योगी इंटरनेशनल कृषि विश्वविद्यालय, 'एंग्लो संस्कृत कॉलेज, फतेहपुर' द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना और गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना को भी मंजूरी दी मिली। साथ ही लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों व सदस्यों की पेंशन बढ़ाने, उप्र में स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन स्टार्टअप, शाहजहांपुर के जलालाबाद कस्बे का नाम बदलने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि सीएसए कानपुर में, रायबरेली में उद्यान विवि की स्थापना होगी। 20 हेक्टेयर जमीन मुफ्त दी जाएगी। इससे अच्छी किस्मों का विकास होगा। सरकार 50 करोड़ रुपये की मदद देगी। सुरेश खन्ना ने बताया कि कुछ सिफारिशें और दी गई थीं, जैसे वर्दी की धुलाई और सिलाई भत्ते के लिए, इसमें 17 मार्च 2026 में विचार हुआ। धुलाई और वर्दी का पैसा सात साल के बजाय पांच साल में दिया जाएगा। इससे सरकार पर 20 करोड़ का बोझ आएगा। लगभग 50 फीसदी की वृद्धि होगी।



- यूपी के पशुपालकों को मिलेगा सुरक्षा कवच, मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना को कैबिनेट की मंजूरी

### डाटा सेंटर नीति फिर से लागू

डाटा सेंटर नीति जो समाप्त हो गई थी, आज फिर से लागू कर दी गई। मिशन डायरेक्टरेट बॉडी के हेड चीफ सेक्रेटरी होगें। एंपावरमेंट कमेटी बनाई जाएगी। अभी तक स्टार्टअप पॉलिसी में प्रोटोटाइप 10 लाख और सीए कैपिटल 15 से 50 लाख है। इनक्यूबेटर संचालन को 40 लाख सालाना अनुदान मिलेगा। 1000 करोड़ का स्टार्टअप फंड रखा गया है। इसमें 400 करोड़ एकेटीयू का है।

### पदक विजेताओं के सीधी भर्ती का प्रस्ताव पास

मंत्री गिरीश यादव ने बताया कि ओलंपिक, महिला ओलंपिक, एशियन आदि के पदक विजेताओं के सीधी भर्ती का प्रस्ताव पास किया गया। लोक सेवा आयोग की प्रक्रिया से बाहर करके इन्हें नौकरी दी जाएगी। समूह ख और क के लिए यह है। 09 पदों पर क्रीड़ा अधिकारी, 09 पदों पर जिला युवा कल्याण अधिकारी और 23 पदों पर उप क्रीड़ा अधिकारी की सीधी भर्ती होगी। कांस्य और रजत पदक विजेताओं के लिए ये पद रखे गए हैं।

### होमगाड्र्स को कैशलेस इलाज की सुविधा

इसके अलावा सुरेश खन्ना लखनऊ और गाजियाबाद के बाद नगर निगम गोरखपुर और मुरादाबाद में बॉन्ड की सुविधा दी जाएगी। 80 और 50 करोड़ का बॉन्ड रहेगा। राज्य वित्त आयोग के तहत 10 फीसदी की व्यवस्था अन्य जरूरतों के लिए की जाएगी। होमगार्ड्स के लिए पांच लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 35.50 करोड़ सालाना की व्यवस्था की जाएगी।

### पशुओं का कराया जाएगा बीमा

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि सीएम जोखिम पशुधन बीमा प्रबंधन योजना, नस्ल सुधार, पशुधन बीमा और गौशाला के संवर्धन के लिए कई योजनाएं लागू की जाएंगी। पशुओं का बीमा भी होगा। इसका राज्यांश 85 फीसदी है। प्रत्येक पशुधन की कीमत तय की जाएगी। मुर्रा भैंस 75000, विदेशी, हरियाणवी, साहिबान गिरी गाय की कीमत 50 हजार से 65 हजार तक रहेगी। बैल की कीमत 40 हजार, खच्चर, गधा आदि 20 हजार, घोड़ा 60 हजार, भेड़ और बकरी की 6500 रुपये कीमत रहेगी। बीमा में केंद्र का राज्यांश 51 फीसदी, राज्य का 34 फीसदी और किसान का 15 फीसदी रहेगा। दैवीय आपदा, बीमारी और हादसे पर बीमा मिलेगा। गौशालाओं में 1.35 लाख गाय हैं। इन पर हर दिन आठ करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बनारस में ईएसआईसी श्रम विभाग के मेडिकल कॉलेज के लिए नि:शुल्क जमीन आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया। मुरादाबाद, गोरखपुर में पांच-पांच एकड़ में 100 बेड हॉस्पिटल के लिए जमीन आवंटित की गई है। बनारस में 13 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा। 50 फीसदी जमीन श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है। कुल 50 सीट में 25 सीट श्रमिक के बच्चों के लिए रहेगी।

## जकार्ता पहुंचे मोदी, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने किया हवाई अड्डे पर स्वागत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार शाम इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे जहां स्वयं राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी के विमान के इंडोनेशिया की हवाई सीमा में प्रवेश करते ही इंडोनेशिया वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने उन्हें जकार्ता हवाई अड्डे तक सुरक्षा प्रदान की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह राष्ट्रपति सुबियांतो के स्वागत भाव से अभिभूत हैं और उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा, जकार्ता में उतरा। हवाईअड्डे पर मेरा स्वागत करने के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के सद्भाव से मैं अभिभूत हूं। वर्ष 2018 में हमने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया, जिससे हमारे लोगों को लाभ हुआ है। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो और मैं विभिन्न क्षेत्रों में इस साझेदारी को और अधिक गति देने के उद्देश्य से चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति प्रबोवो और मैं योग्यकार्ता में प्रम्बानन मंदिर परिसर का दौरा करेंगे। इससे हमारे राष्ट्रों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध सुनिश्चित होंगे। इंडोनेशिया में रहते हुए, मैं भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री मोदी का स्वागत करने के लिए राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ उनके चार मंत्री भी आये थे। वर्ष 2018 में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद से यह प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। भारतीय समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी आज सुबह तीन देशों इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की छह दिन की यात्रा पर रवाना हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई एयरपोर्ट पर 10 करोड़ 65 लाख रुपये की कोकीन बरामद, विदेशी महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार को 10.65 करोड़ रुपये की 2.128 किलोग्राम कोकीन के साथ एक विदेशी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। इस घटना की छानबीन कर रहे डीआरआई के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि उनकी टीम को विदेशी महिला के संदर्भ में गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर डीआरआई की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी रखा था। फीटाउन से नैरोबी के रास्ते मुंबई एयरपोर्ट पर आई एक विदेशी महिला यात्री को डीआरआई ने रोका और उसके सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महिला के एक ट्रॉली बैग के मेटल हैंडल में 17 पैकेट छिपे हुए मिले, जिसे जब्त कर लिया गया। इसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की छानबीन जारी है।

### जम्मू में 42 साल के एक अमरनाथ यात्री की सांप के काटने से मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में चल रही अमरनाथ यात्रा के बीच एक दुखद खबर भी सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में 42 साल के एक अमरनाथ यात्री की सांप के काटने से मौत हो गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि, उत्तर प्रदेश निवासी अमित कुमार को भगवती नगर बेस कैंप में सांप ने काट लिया था। उन्हें तुरंत इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ने के बाद में उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कैंप में सुरक्षा के जरूरी कदम उठा जा रहे हैं।

### बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम, शाहजाद भट्टी नेटवर्क के छह गुर्गे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शाहजाद भट्टी के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इनमें एक मॉड्यूल दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना पर पेट्रोल बम से हमला करने की साजिश रच रहा था, जबकि दूसरा मॉड्यूल पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजे गए हथियारों की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब से जुड़े छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन पेट्रोल बम, तीन अत्याधुनिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, दो कारें, एक चोरी की बाइक, मोबाइल फोन और पाकिस्तानी हैंडलरों से हुई बातचीत के डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं।

# चम्पत राय व अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सोमवार को यहां हुई बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और सदस्य डॉ अनिल मिश्र का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया। इसके साथ ही ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन त्रिपाठी को कार्यकारी महासचिव नियुक्त किया गया है। बैठक में कार्यकारी महासचिव कृष्ण मोहन ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पहला काम चढ़ावा चोरी करने वाले अपराधियों को दंड दिलाना और मंदिर प्रबंधन में अब तक रहीं कमियां दूर करना है। ट्रस्ट के सदस्य समाज में राम मंदिर की पुनः प्रतिष्ठा और विश्वास बनाएंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि महाराज ने बैठक में लिये गए फैसलों की मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की बैठक में सदस्यों का कोरम पूरा हुआ और इस बैठक में ट्रस्ट के सदस्य के. पारासरन आभासी रूप से जुड़े। बैठक में मंदिर के दान में चोरी की घटना को अत्यंत दुर्भाग्य और आहत करने वाली बताया गया।

बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र द्वारा नैतिक रूप से अपने अपने पदों से दिए गए त्यागपत्र पर ट्रस्ट के नियमों के अनुरूप चर्चा की गयी। बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ट्रस्टी के. पारासरन ने सदस्यों को बताया कि ट्रस्ट का नियम है कि अगर कोई सदस्य त्यागपत्र देता है तो त्यागपत्र स्वीकार हो जाएगा। ऐसे में नैतिक आधार पर महामंत्री चम्पत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्र का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही ट्रस्टी कृष्णमोहन को कार्यकारी महासचिव नियुक्त किया गया है। इनकी मदद के लिए एक समिति भी गठित की गयी है। गोविंद देव गिरि ने बताया कि 22 जुलाई को ट्रस्ट की पुनः बैठक होगी। बैठक में ट्रस्ट के नए सदस्यों की नियुक्ति पर विचार किया जाएगा। तब तक एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी। दान चोरी करने वाले अन्य अपराधियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए दान की गयी 2800 वस्तुतों की सूची बनी है और अगर किसी भी दानदाता के मन में संशय है तो वे ट्रस्ट के अयोध्या कार्यालय आकर देख सकते हैं। सभी वस्तुओं को पूरी तरह से सुरक्षित रखा गया है।



- कृष्ण मोहन कार्यकारी महासचिव नियुक्त : गोविंद देव गिरि

### राम भक्त अनर्गल समाचारों पर ध्यान न दें

बड़े ही भावुक होते हुए गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि मंदिर चोरी के प्रकरण को लेकर अनर्गल बातें मीडिया में आने और कुछ राजनीतिक दलों की ओर से इस मुद्दे पर जो चिंता दिखायी जा रही है वे राष्ट्र के लिए घातक हैं, क्योंकि यही वे राजनीतिक दल और नेता हैं जो भगवान राम को काल्पनिक बता कर न्यायालय तक गए। मंदिर आंदोलन के समय कारसेवकों पर गोलियां तक चलवाईं। ऐसे नेताओं एवं संगठनों का मकसद राजनीतिक रोटियां सेंकना और हिंदू एकता, रामभक्तों और सनातन पर चोट करना है, लेकिन ट्रस्ट आह्वान करता है कि सभी हिंदू समाज की अपेक्षा के अनुरूप काम करेगा और उनका विश्वास पुनःस्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि राम भक्त धैर्य रखें और किसी प्रकार के अनर्गल समाचारों पर ध्यान न दें।

## उत्तर प्रदेश में 12 जुलाई को मनेगा हरियाली उत्सव, एक दिन में लगेंगे 35 करोड़ पौधे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में 12 जुलाई (रविवार) को पौधरोपण महाभियान चलाकर हरियाली उत्सव मनाया जाएगा। 26 विभागों के सहयोग से पूरे प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। यह जानकारी वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने सोमवार को प्रदेश सरकार के मंत्रियों संग वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 की सफलता को लेकर आयोजित बैठक के बाद दी।

वन मुख्यालय के पारिजात सभागार में वन मंत्री ने कृषि, उच्च, माध्यमिक, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, पशुधन, उद्यान विभागों के मंत्रियों संग की बैठक। वन मंत्री ने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार के विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्कूलों-कॉलेजों समेत व्यापक जनसहभागिता से उत्सव के रूप में महाभियान चलेगा। नोडल विभाग (वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन) सर्वाधिक 15.50 करोड़ पौधे लगाएगा, ग्राम्य विकास विभाग 10 करोड़, कृषि विभाग 3.25 करोड़, उद्यान 1.50 करोड़, पंचायती राज विभाग 1.22 करोड़ पौधे लगाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी 5.50 लाख पौधे लगेंगे। इस वर्ष समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन, कपि वन समेत अनेक नवीन वन स्थापित किए जाएंगे। अभियान का प्रमुख हिस्सा मिशन छाया, अविरल धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा, आम भंडारा भी होगा। मिशन छाया के तहत गर्मी से राहत देने के लिए सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को वंदे मातरम वाटिका, 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण व 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर 'एक पेड़ गुरु के नाम' भी लगाया जाएगा।

## राम मंदिर चढ़ावा गबन मामले में सीबीआई जांच की मांग खारिज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने सोमवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है।

राज्य सरकार की तरफ से एएजी विनोद शाही और सीएससी शैलेंद्र सिंह ने पक्ष रखते हुए कहा कि ऐसी याचिका उच्चतम न्यायालय में पहले ही लंबित है, इसलिए यहां कोई औचित्य नहीं है।



सुनवाई के बाद जस्टिस राजन राय और जस्टिस मंजीव शुक्ला ने याचिका खारिज कर दी। यह याचिका अधिवक्ता मोहित अशोक ने दाखिल की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दान पात्रों की राशि में अनियमितताएं हुई हैं। याचिका में मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई से जांच कराने और मंदिर के चढ़ावे का भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) से ऑडिट कराने की मांग की गई।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए पहले ही तीन सदस्यीय एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन कर रखा है।

## नीरव मोदी को बड़ा झटका, यूरोप की अदालत से भी हार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को बड़ा कानूनी झटका लगा है। यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय ने उसकी अंतिम याचिका भी खारिज कर दी है। इसके साथ ही भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसके पास उपलब्ध सभी कानूनी विकल्प समाप्त हो गए हैं।

अब ब्रिटेन सरकार और भारतीय एजेंसियां प्रत्यर्पण की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने में जुटी हैं और औपचारिकताएं पूरी होते ही नीरव मोदी को भारत लाया जा सकता है। नीरव मोदी मार्च 2019 से लंदन की एचएमपी वैंड्सवर्थ जेल में बंद है। इस दौरान उसने कई बार ब्रिटिश अदालतों में जमानत और प्रत्यर्पण रोकने की अपील की, लेकिन हर बार उसे निराशा हाथ लगी। वर्ष 2021 में तत्कालीन ब्रिटिश गृह सचिव ने उसके भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद भी नीरव मोदी ने विभिन्न अदालतों में राहत पाने की कोशिश जारी रखी। मार्च 2026 में उसने दावा किया कि भारत भेजे जाने पर उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो सकता है, लेकिन अदालत ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया।



भारत प्रत्यर्पण की राह पूरी तरह साफ

ब्रिटेन की अदालतों से हार मिलने के बाद नीरव मोदी ने अप्रैल 2026 में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय (ईसीएचआर) का दरवाजा खटखटाया। उसने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही प्रत्यर्पण रोकने की उसकी आखिरी कानूनी उम्मीद भी खत्म हो गई। अब केवल ब्रिटेन के गृह मंत्रालय, भारतीय उच्चायोग और संबंधित एजेंसियों के बीच दस्तावेजों की प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं।


**उपहार** — रेल यात्रियों को बड़ी सौगात

# मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन सेवाओं को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी, एजेंसी।**

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को यहां से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नांदेड़-मुंबई और टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। इसके साथ ही उन्होंने टनकपुर-पीलीभीत रेल सेवा का विस्तार शाहजहांपुर तक किए जाने का भी उद्घाटन किया। वैष्णव ओडिशा के दौरे पर हैं, जहां वह भगवान जगन्नाथ की आगामी रथ यात्रा के मद्देनजर रेलवे की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ-साथ दिन में बाद में ओडिशा से शुरू होने वाली दो ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

उन्होंने नई रेल सेवाओं की शुरुआत यहां रेल सदन से की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि नई रेल सेवाओं से रेल संपर्क बेहतर होगा और यात्रियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तराई क्षेत्र में रहने वाले सिख समुदाय को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि तराई क्षेत्र में रहने वाले हमारे सिख भाई-बहनों की ओर से लंबे समय से इस रेल सेवा की मांग की जा रही थी।



आज नांदेड़ से वाशिम और हिंगोली होते हुए मुंबई के लिए भी रेल सेवा शुरू की गई है, जिससे विदर्भ और मराठवाड़ा के कई जिलों का मुंबई से संपर्क बेहतर होगा। पीलीभीत, आगरा और टनकपुर को जोड़ने वाली कुछ अन्य रेल सेवाएं भी शुरू की गई हैं। वैष्णव ने कहा कि रेलवे खटीमा और बनबसा स्टेशनों पर इस ट्रेन के ठहराव की मांग पर भी विचार करेगा। उन्होंने कहा, श्यदि यह संभव हुआ, तो इस ट्रेन का ठहराव खटीमा और बनबसा में भी निश्चित रूप से दिया जाएगा। रेल मंत्री ने यह भी घोषणा की कि टनकपुर-पीलीभीत रेल सेवा का विस्तार उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर तक कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पहले विशेष ट्रेन के रूप में संचालित होने वाली टनकपुर-आगरा रेल सेवा को अब नियमित कर दिया गया है। रेलवे की पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए वैष्णव ने कहा कि इस अवधि में लगभग 37,000 किलोमीटर नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं और रेलवे नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि केरल में ओणम पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 100 विशेष ट्रेन चलाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पुरी में रथ यात्रा के लिए 300 से अधिक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। ओडिशा से राज्यसभा सदस्य वैष्णव ने कहा कि राज्य में 90,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की रेल परियोजनाओं पर काम जारी है, जिससे ओडिशा के रेलवे नेटवर्क में व्यापक बदलाव आएगा।

### मुंबई में भारी बारिश के बीच 17 उड़ानें रद्द

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में लगातार हो रही बारिश का असर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर भी पड़ा है। 6 जुलाई को रात 12 बजे से सुबह 11:30 बजे तक 17 उड़ानें रद्द कर दी गईं हैं, जबकि 217 उड़ानें देरी से संचालित हुईं। इस बीच लगातार हो रही भारी बारिश के असर से निपटने के लिए अकासा और इंडिगो एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की हैं। मुंबई में हुई बारिश की वजह से छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट अव्यवस्थित ट्रैवल पॉइंट्स में से एक बन गया है। हालात में सुधार के कोई संकेत न मिलने पर एयरलाइंस ने तुरंत यात्रियों को चेतावनी दी। आकासा एयर ने कहा कि मुंबई, पुणे और गोवा में भारी बारिश के कारण हमारे नेटवर्क की कुछ उड़ानें देर से चल सकती हैं। एयरलाइन ने यात्रियों से एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की अपील की।

# विनेश फोगाट के कारण बताओ नोटिस पर जल्द फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

- कोर्ट ने दिया 14 दिन का अल्टीमेटम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से कहा कि वह महिला पहलवान विनेश फोगाट को अनुशासनहीनता और एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर दिए गए कारण बताओ नोटिस पर दो हफ्ते में फैसला करे।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने फोगाट की उस याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी जिसमें कारण बताओ नोटिस के साथ-साथ भारतीय कुश्ती महासंघ की चयन संबंधी नीति और परिपत्र को चुनौती दी गई थी। यह कार्यवाही तब बंद की गई जब कुश्ती महासंघ के वकील ने कहा कि एशियन गेम्स के चयन संबंधी ट्रायल में शामिल होने से जुड़ी उनकी शिकायत अब बेमानी हो गई है। याचिका का निपटारा करते हुए न्यायाधीश ने आदेश दिया, दो हफ्ते के अंदर नौ मई के कारण बताओ नोटिस पर फैसला करें और याची तथा अदालत को इसकी जानकारी दें।



भारतीय कुश्ती महासंघ के वकील ने कहा कि नोटिस पर फैसला लेने से पहले फोगाट को अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। हालांकि, फोगाट की तरफ से वरिष्ठ वकील ने जोर देकर कहा कि याचिका में चयन संबंधी नीति से जुड़े बड़े मुद्दे उठाए गए हैं, लेकिन अदालत ने कहा कि एथलीट को इसके लिए नई याचिका दायर करनी होगी। अदालत ने कहा, इसे निपटाया जा सकता है और फिर आप एक नई रिट याचिका दायर कर सकते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने सुनीं जनसमस्याएं



- 40 से अधिक फरियादियों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश
- समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश, चकमार्गों की पटाई पर दिया विशेष जोर
- जनसमस्याओं को प्राथमिकता से लें सम्बन्धित अधिकारीगण: आयुक्त

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद गोण्डा की तहसील तरबगंज में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान आयुक्त ने 40 से अधिक फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इनमें मुख्य रूप से राजस्व विवाद, चकमार्ग खुलवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। आयुक्त ने सभी प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। आयुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का मौके पर सत्यापन कराते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका प्रभावी निस्तारण कराया जाए तथा शिकायतकर्ता को भी की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों को चकमार्गों की पैमाइश एवं पटाई के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बनाए रखने के लिए चकमार्गों को अतिक्रमणमुक्त कर उनकी पटाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अंबाला से घर लौट रहा युवक 4 दिन से लापता

### मां बोली: फोन बंद, अनहोनी का डर

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अंबाला में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाला एक युवक घर लौटते समय रास्ते से लापता हो गया। 4 दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने कोतवाली कर्नलगंज में तहरीर देकर युवक को बरामद करने की मांग की है। मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा कुन्नू पुरवा का है। यहां की निवासिनी हेमा देवी ने पुलिस को बताया कि उनका 25 वर्षीय पुत्र पिंटू अंबाला में मजदूरी करता था। 2 जुलाई 2026 की दोपहर वह काम से छुट्टी लेकर घर करनैलगंज के लिए निकला था। लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी पिंटू घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने बार-बार मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन लगातार बंद आ रहा है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुना

- गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को किया निर्देशित

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



सोमवार को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में सदर तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस, राजस्व व अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### मंद बुद्धि का जमीन दान कराने पर भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** तरबगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली एक महिला द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि उसका लड़का मन्द बुद्धि का है। बीते 7 मार्च को छल कर डराकर उस के लड़के की सम्पूर्ण अंश भूमि अपने नाम दान करा लिया। जिसकी जानकारी होने पर लड़के द्वारा पूछने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। तरबगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए - प्रमोद कुमार सिंह पुत्र रामसुन्दर निवासी भिखारीपुर कला थाना तरबगंज को कस्बे में स्थित चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उस को जेल भेज दिया है।

### दो महिलाओं समेत तीन को सांप ने डसा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में सांप के डसने की तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। इनमें दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सभी पीड़ितों को इलाज के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



पहली घटना पयागपुर इलाके के कोल्हुआ ग्राम में हुई। रविवार शाम करीब सात बजे नूरजहां नामक महिला मवेशी चराकर घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में उन्हें एक जहरीले सांप ने डस लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जिसके बाद सोमवार सुबह उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना फखरपुर इलाके में हुई, जहां रजनी नामक महिला को सोमवार सुबह घर में छिपे सांप ने काट लिया। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। तीसरी घटना बौंड़ी इलाके के मझगंवा डीह ग्राम की है। यहां बबलू शर्मा (30) नामक व्यक्ति को सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे घास काटते समय सांप ने डस लिया। परिजन बिना देरी किए उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

### बारिश से पहले नालों की सफाई पर फोकस, नगर पालिका ने संभाला मोर्चा

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** आगामी मानसून को देखते हुए नगर क्षेत्र को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद उतरौला ने व्यापक स्तर पर नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया है। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने प्रमुख नालों की सफाई, सिल्ट निकासी और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य तेज कर दिया है, ताकि बारिश के दौरान नगरवासियों को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। नगर पालिका की टीमें विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर लगातार सफाई कार्य में जुटी हैं। नालों में जमी गाद, प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल निकासी को सुचारु बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मानसून से पहले नगर के सभी प्रमुख नालों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे वर्षा का पानी बिना किसी रुकावट के आसानी से निकल सके।

### जिलाधिकारी ने देशी शराब की दुकान भगवतीगंज व कंपोजिट शराब की दुकान भगवतीगंज का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद में आबकारी व्यवस्था को पूर्णतः पारदर्शी, नियमबद्ध एवं उपभोक्ता हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा देशी शराब की दुकान भगवतीगंज एवं कंपोजिट शराब की दुकान भगवतीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानों पर उपलब्ध समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण करते हुए निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दुकान पर प्रदर्शित रेट सूची का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मूल्य सूची स्पष्ट एवं प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित रहे, जिससे उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने दुकान के लाइसेंस, बिक्री रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का भी बारीकी से निरीक्षण कर उनका सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने दुकानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की तथा निर्देशित किया कि सभी कैमरे निरंतर संचालित अवस्था में रहें और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए, ताकि किसी भी शिकायत अथवा अनियमितता की स्थिति में उसका सत्यापन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर उपलब्ध शराब के स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर अभिलेखों एवं स्टॉक रजिस्टर से उसका मिलान किया गया। साथ ही ई-पॉस मशीन के माध्यम से की जा रही बिक्री प्रक्रिया का भी अवलोकन किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक बिक्री निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ई-पॉस के माध्यम से ही की जा रही है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से ओवररेटिंग की संभावनाओं की जांच की तथा उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि वसूले जाने की स्थिति पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने शराब की विभिन्न बोतलों पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन कर उसकी प्रामाणिकता का सत्यापन किया तथा मिलावटी अथवा अवैध शराब की संभावना को परखने के लिए आवश्यक जांच भी की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में शराब की बिक्री पूर्णतः पारदर्शी, निर्धारित मूल्य पर तथा शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही सुनिश्चित की जाए।

## अखिल भारतीय किसान यूनियन 'राधे' ने किसानों की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा में अखिल भारतीय किसान यूनियन (राधे) ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर टिन शेड के नीचे एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिलाध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ शाह ने बताया कि एक माह पूर्व भी इसी तरह का एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया था। तब सिटी मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। आज के प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान यूनियन के कई सदस्य शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ शाह ने सिटी मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा के माध्यम से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को किसानों की विभिन्न समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। अब्दुल अज़ीज़ शाह ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 6 अगस्त 2026 को बड़ी संख्या में किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह जुलाई के प्रथम शनिवार को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।डीएम ने क्षेत्र के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होनें स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने 02 गर्भवती महिलाओं वन्दना मिश्रा व तरन्नुम की गोद भराई की तथा 02 बच्चे कार्तिक व जूही को अन्नप्रासन कराया। उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में प्राप्त 104 प्रार्थना-पत्रों में से 07 का निस्तारण मौके पर किया गया।

तहसील कैसरगंज में प्राप्त 96 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 06, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 34 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 25 के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 53 के सापेक्ष 07 व महसी में प्राप्त 48 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# दूधमुहे बच्चे के साथ दर-दर भटक रही बलात्कार पीड़िता

- सप्ताह भर बाद भी नहीं दर्ज हुई प्राथमिकी
- शीलभंग के साथ पहने हुए आभूषण पर भी बलात्कारी ने किया हाथ साफ



**उमरीबेगम गंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

क़ानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए अपने दूधमुहे बच्चे के साथ जिले के पुलिस मुखिया कार्यालय का चक्कर लगाए हुए बलात्कार पीड़िता प्रशासन सहित शासन को भी आईना दिखा रही है, हद तो तब हो जाती है ज़ब पीड़ित को न्याय दिलाने की जगह स्थानीय राजनेता सहित पुलिस उस पर उल्टे सुलह का दबाव बनाते दिख रहे हैं।

हैरान करने वाली ये घटना जिले के थाना उमरीबेगम गंज के ग्राम पूरे नौशहरा की है, पीड़िता के अनुसार घटना विगत 30 जून की रात्रि 11 बजे की है, काम के सिलसिले में घर से बाहर गए पति की अनुपस्थिति में अपने दूधमुहे बच्चे के साथ अकेले देखकर गाँव के ही दबंग महावीर यादव पुत्र श्रीरान यादव और अमरेश यादव पुत्र मंशाराम यादव पीड़िता के घर में घुस आएं और महावीर ने उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला। महावीर के इस कुकृत्य के समय अमरेश पहरेदारी करता रहा यही नहीं जाते जाते महावीर ने पीड़िता के गले में पड़ा सोने के मटरमाला और नाक की कील भी निकाल ले गए, आरोपियों ने पीड़िता को जाते जाते धमकी भी दी की यदि किसी को बताया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़िता ने पति के साथ जाकर घटना से थाने को अवगत कराया लेकिन थाने की पुलिस ने अपना परिचित रवैया अपनाते हुए अपना हाथ बंद ही रखा, विवश होकर पीड़िता ने 2 जुलाई को पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई लेकिन यहाँ से भी उसे निराशा हाथ लगी, न्याय की आशा में पीड़िता ने एक बार पुनः पुलिस अधीक्षक से 6 जुलाई को फरियाद की है देखना है क्या अब पुलिस मुखिया पीड़िता को न्याय दिलाते है या पूर्व की तरह खामोश ही रहते हैं। प्रकरण में सबसे चौकाने वाली बात तो थाना उमरी प्रभारी के अवकाश पर होने के कारण अपराध निरीक्षक ने बताया, उन्होंने तो घटना से ही पूरी तरह अनभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया की बलात्कार नहीं बल्कि मारपीट की घटना हुई थी।

अब ये आसानी से समझा जा सकता है की जो पुलिस दुष्कर्म की घटना को मारपीट बता रही हो वो बलात्कार पीड़िता को कितना और कैसा न्याय दे पायेगी।

## किसानों का शोषण अब नहीं होगा बर्दाश्त



- भाकियू टिकैत ने प्रशासन को दी आर-पार की चेतावनी
- सात दिन में कार्रवाई नहीं तो तहसील होगी जाम

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा को सौंपे गए दो पन्नों के ज्ञापन में संगठन ने तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए सात दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी गई कि यदि तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। भाकियू टिकैत ने आरोप लगाया कि खतौनी में भारी गड़बड़ियों के कारण किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। वहीं, इस कार्य के नाम पर अवैध वसूली किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में एक लेखपाल पर किसानों से विभिन्न कार्यों के नाम पर धनवसूली के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि यदि भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। भाकियू ने मक्का फसल सत्यापन में लापरवाही का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठाया। आरोप है कि महीनों से आवेदन लंबित पड़े हैं, जिससे किसान सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। संगठन ने इसे प्रशासनिक उदासीनता करार दिया। अवैध बालू और मिट्टी खनन को लेकर भी प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि खनन से ग्रामीण सड़कें बर्बाद हो रही हैं और हादसों का खतरा बढ़ गया है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो किसान स्वयं अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़कर तहसील परिसर में खड़ा करेंगे। खाद संकट और बिजली व्यवस्था को लेकर भी भाकियू ने तीखा हमला बोला। सहकारी समितियों पर पर्याप्त यूरिया और डीएपी उपलब्ध कराने, कालाबाजारी पर कार्रवाई करने तथा लो-वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि धान की रोपाई के समय बिजली संकट किसानों पर दोहरी मार बनकर टूट रहा है।

**सात दिन का अल्टीमेटम**

भाकियू टिकैत ने साफ कहा है कि यदि सात दिन के भीतर सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा और आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## भारत-नेपाल सीमा पर स्मैक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

- 13 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोतीपुर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युमन सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया के नेतृत्व में भारत-नेपाल बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान 5 जुलाई 2026 की रात थाना मोतीपुर क्षेत्र के भारत-नेपाल बॉर्डर स्थित फुट्टा चौक, बलईगांव के पास पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल के वर्दिया जिले के बांसगढी निवासी रोशन थारू (19) को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना मोतीपुर में मु.अ.सं. 284/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई में मोतीपुर पुलिस के थानाध्यक्ष आनन्द कुमार चौरसिया, उपनिरीक्षक अनिल यादव, उपनिरीक्षक बृजानन्द, आरक्षी राज अग्रहरी तथा 59वीं वाहिनी एसएसबी बलईगांव के एएसआई जगदम्बा प्रसाद, हेड कांस्टेबल प्रशांत डी. मकदूम, कांस्टेबल मुकेश ठोलिया एवं कांस्टेबल हेमेश कुमार शामिल रहे।


### वैन और बाइक की टक्कर पिता-पुत्र घायल

#### आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जिला अस्पताल रेफर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब दस बजे एक वैन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, सिरौला ग्राम निवासी अनवर अली अपने बेटे सद्दाम के साथ बाइक से किसी काम से बाजार जा रहे थे। कुंडसार मार्ग पर अहिरन गौढ़ी के पास सामने से आ रही वैन से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में पिता-पुत्र बुरी तरह घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से दोनों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बाढ़ से बचाव की तैयारी: डीएम के निर्देश पर राहत चौपालें और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


- मिहींपुरवा मोतीपुर के ग्राम भगड़िया में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** संभावित बाढ़ के दौरान जन-धन की हानि को न्यून से न्यूनतम करने, ग्राम स्तर पर बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन करते हुए समिति के सदस्यों का नाम, पता व मोबाइल नम्बर संग्रहीत करने तथा बाढ़ से बचाव व समस्याओं के निराकरण हेतु शासन एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बाढ़ से प्रभावित होने वाली तहसीलों के ग्रामों में तहसील प्रशासन द्वारा राहत चौपाल/जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम भगड़िया में उप जिलाधिकारी राम दयाल की मौजूदगी में राहत चौपाल/जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राहत चौपाल के दौरान ग्रामवासियों को बताया गया कि 10-10 बाढ़ प्रभावित ग्रामों का कलस्टर बनाकर नोडल अधिकारी की तैनाती करते हुए गर्भवती महिलाओं, वृद्धजनों, बच्चों की सूची तैयार की जा रही है। प्रभावित ग्रामों का रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्राम प्रधान, आशा, सफाई कर्मी, ग्राम पंचायत अधिकारी, स्वंय सेवक, सम्भ्रान्त व्यक्ति की एक टीम का गठन कर बाढ़ सम्बन्धित जनपद में 44 बाढ़ चौकियाँ, 48 सामुदायिक रसोई, 45 राहत वितरण केन्द, 43 बाढ़ शरणालय, चिन्हित कर लिये गये है तथा 511 ग्राम सभा की नावें उपलब्ध है। हेतु व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया बनाकर उसको तहसील स्तर के व्हाट्सअप में जोड़ा जायेगा ताकि समय-समय पर शासन द्वारा जारी चेतावनी ग्राम स्तर पर सीधे पहुँच सके। राहत चौपाल के दौरान लोगों को बताया गया कि समस्त बाढ़ प्रभावित तहसीलों में बाढ़ कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जा रही जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में होने वाली समस्या का निस्तारण तत्काल कराया जा सकें। बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने हेतु ऊंचे व सुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर शरणालय बनाए जा रहे हैं। बाढ़ चौकियों के संचालन हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जा रहे हैं।

## भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ जिला कार्यकर्ता सम्मेलन

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के पथ प्रदर्शक: रेखा वर्मा
- डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित था: बृजेश पांडेय



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/ पूर्व सांसद रेखा वर्मा व विशिष्ट अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री विनोद पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि रेखा वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के महान सपूत थे, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्र निर्माण तथा देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

# मुखर्जी ने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ सत्ता की राजनीति को तिलांजलि दे दी थी : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति देश की अखंडता के सामने चुनौती बनी तो मुखर्जी ने सत्ता की राजनीति को तिलांजलि दे दी थी। वह सरकार से अलग हो गए थे।

इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत माता के महान सपूत, महान स्वतंत्र संग्राम सेनानी, शिक्षाविद, स्वतंत्र भारत के प्रथम खाद्य उद्योग मंत्री, एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा का उद्घोष करने वाले डॉ. मुखर्जी की आज 125 वीं पावन जयंती है। इस अवसर पर भारत माता के इस महान सपूत की स्मृतियों को नमन करते हुए उत्तर प्रदेश शासन और उप्र की जनता जनार्दन की ओर से मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी 1901 में बंगाल में उनका जन्म हुआ। उच्च शिक्षा अर्जित करने के साथ ही एक प्राध्यापक के रूप में अपने जीवन की शुरुआत की। मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। देश की आजादी के आंदोलन में प्रमुखता के साथ जुड़े। बंगाल को जब पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की कुत्सित चालें चली जा रही थीं, तब उसके खिलाफ वह उठ खड़े हुए थे। आज का जो पश्चिमी बंगाल है, अगर वह भारत का हिस्सा है तो इसमें जिन महान नेताओं ने अपने आप को समर्पित कर इस आंदोलन का हिस्सा बने थे और आवाज बुलंद की थी, उसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।

### कश्मीर में भारत के कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने का किया कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में देश के खाद्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में उन्होंने खाद्य नीति और उद्योग नीति को प्रमुखता के साथ लागू करने का कार्य किया। लेकिन जब नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति देश की अखंडता के सामने चुनौती बनी तो उन्होंने सत्ता की राजनीति को तिलांजलि दे दी थी। वह सरकार से अलग हो गए थे। भारतीय जनसंघ के गठन के बाद भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश की अखण्डता के लिए कार्य किया। एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे का उद्घोष करते हुए कश्मीर की परमिट प्रणाली का विरोध किया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 1953 में कश्मीर में ही उनका बलिदान हो गया। डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 के खिलाफ नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ जो शंखनाद किया था, उस सपने को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने साकार किया है। 2019 में कश्मीर में धारा 370 समाप्त करते हुए कश्मीर के अंदर भी भारत के कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य किया गया। यह हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है। आज पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। बंगाल में डॉ. मुखर्जी से जुड़े सभी स्थलों के पुनरोद्धार के लिए वहां की डबल इंजन की सरकार प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। आज हम भारत माता के इस महान सपूत की स्मृतियों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# समृद्ध, सशक्त व आत्मनिर्भर गांव ही विकसित भारत व उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



विश्व ग्राम्य विकास दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों, किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा ग्राम्य विकास से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ग्रामीण भारत का सर्वांगीण विकास ही विकसित भारत के निर्माण का सबसे सशक्त आधार है।

आज का दिन ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी, संतुलित एवं सतत विकास के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। जब गाँवों का विकास होगा, तभी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचेगा और सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को समाप्त किया जा सकेगा।

2030 तक निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों की सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक पहुँचे। ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, रोजगार के अवसर, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा आर्थिक उन्नति जैसे लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से लागू करना समय की आवश्यकता है। श्री मौर्य ने कहा कि ग्रामीण समुदायों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं एवं वंचित वर्गों का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण ग्राम्य विकास की आधारशिला है।

स्वयं सहायता समूहों, कौशल विकास कार्यक्रमों, स्वरोजगार योजनाओं तथा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देकर लाखों परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर गाँव ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएँ, कृषि यंत्रीकरण, वैज्ञानिक खेती तथा बेहतर विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराकर कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। इससे खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि होगी।

## खबरें एक नजर में

### मासूम की हत्या में आरोपित युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मारपीट कर हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सोमवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास हत्या में इस्तेमाल किया गया घरेलू का उपयोग होने वाला पलटा बरामद किया। इस हत्या में बच्चे की मां भी आरोपित है,जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। मड़ियाव थाना प्रभारी शिवानन्द मिश्र ने बताया कि उन्नाव जिले के रहने वाले दिनेश ने पांच साल के बेटे की हत्या की तहरीर दी थी। उसने यह आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी और प्रशांत उर्फ गौरव सिंह ने उसके बेटे की मारपीट कर हत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बच्चें को कही जगह चोटों के निशान पाए गए थे। मामला दर्ज कर पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आरोपित प्रशांत को मड़ियांव पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। वह कहीं भागने की फिराक में था, तभी धर दबोचा। पुलिस का दावा है कि प्रेम संबंध में बाधक बनने पर पूनम और उसके प्रेमी प्रशांत ने बेटे अहम की हत्या की है। फिलहाल पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में छत पर सो रही युवती को उठाकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपित को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवंत सिंह ने सोमवार को बताया कि एक युवती ने थाना में चार जुलाई को तहरीर दी थी। इसमें पीड़ित ने बताया कि वह रात में घर की छत पर परिवारीजनों के साथ सो रही थी। इसी दौरान गोपालखेड़ा निवासी अजय आधी रात को छत पर आया। उसने सभी को सोता देखकर चुपके से मेरा मुंह बंद कर पास के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया और धमकाया कि अगर उसने किसी को यह बात बताई तो जान से मार देगा। इसके बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी परिवार को देते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के बाद आरोपित अजय को हरिकंशगढ़ी के अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### सड़क किनारे बने गड्ढे में मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जनपद में गोसाईगंज थाना इलाके में सोमवार एक युवक सड़क किनारे बने गड्ढे में अपनी मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो युवक की सांसें थम चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। गोसाईगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना पर एक सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचसरा के पास एक युवक सड़क किनारे बने गड्ढे में अपनी मोटरसाइकिल के नीचे दबा पड़ा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, तो देखा कि युवक की मौत हो चुकी है। युवक की पहचान सीतापुर जिले के ग्राम रसूलपुर निवासी विनीत कुमार के रूप में हुई। जांच में प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। फ़िलहाल शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी मृतक के परिवार को देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### चारबाग से चोरी हुई बच्ची 20 दिन बाद मिली, बेचने की फिराक में थी महिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन से 15 जून को चोरी हुई मासूम बच्ची को जीआरपी ने करीब 20 दिन बाद सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला बच्ची को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गई थी और उसे बेचने की मंशा रखती थी। हालांकि ग्राहक नहीं मिलने के कारण बच्ची उसके पास ही रही, जहां से पुलिस ने उसे सुरक्षित बरामद कर लिया। जीआरपी और सर्विलांस टीम ने पूरे घटनाक्रम की जांच के दौरान करीब 450 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। लगातार तकनीकी और मैनुअल निगरानी के बाद पुलिस आरोपी महिला तक पहुंचने में सफल रही और बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी महिला बच्ची को बेचने की फिराक में थी। लेकिन कोई खरीदार नहीं मिलने के कारण वह बच्ची को अपने पास ही रखे रही। इसी दौरान जीआरपी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। करीब 20 दिन बाद बेटी को सकुशल वापस पाकर माता–पिता भावुक हो गए। उन्होंने जीआरपी और जांच टीम का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी बच्ची वापस मिलेगी और पुलिस ने उनकी उम्मीद को सच कर दिखाया। जीआरपी एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन में शामिल पुलिस और सर्विलांस टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए 25,000 का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है और बच्ची की तस्करी के संभावित नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है।

# युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप से रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध : मुख्य सचिव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उ.प्र. के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप एवं रोजगार के व्यापक अवसर होंगे उपलब्ध होंगे।

इसके लिए प्रस्तावित योजना का क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के प्रभावी अभिसरण, उद्योगों की सक्रिय सहभागिता तथा परिणाम-आधारित कार्यप्रणाली के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक विभाग की भूमिका एवं उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से परिभाषित किए जाएँ तथा चरणबद्ध कार्ययोजना, वित्तीय आवश्यकताओं, संस्थागत व्यवस्थाओं एवं कार्यान्वयन तंत्र का विस्तृत प्रस्ताव निर्धारित समयावधि में तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में राज्य, जनपद एवं क्लस्टर स्तर पर प्रभावी चार-स्तरीय मॉनिटरिंग व्यवस्था विकसित करने, डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से वास्तविक समय में प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने तथा उद्योगों, एमएसएमई, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्रदेश में एक सुदृढ़, उद्योगोन्मुख एवं रोजगारपरक कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। इससे पहले बैठक में प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरि ओम द्वारा सम्बन्धित राज्य स्तरीय प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के पश्चात बैठक में विद्यालयी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार तक एक समग्र एवं एकीकृत स्किलिंग इकोसिस्टम विकसित करने के विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, सचिव उच्च शिक्षा विभाग, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक, विशेष सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग, निदेशक सेवायोजन तथा निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, इन्वेस्ट यूपी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौ सेना प्रमुख ने सीएम से की मुलाकात



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नौ सेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने शिष्टाचार भेंट की।

उनकी यह मुलाकात सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पांच कालिदास मार्ग पर हुई।

# अभाविप का लॉ कॉलेज पर वाइवा एवं प्रैक्टिकल के लिए कथित धनउगाही का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**एलयू के कुलपति को सौंपा ज्ञापन**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखनऊ इकाई ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री गीत लॉ कॉलेज, इटौंजा में वाइवा एवं प्रैक्टिकल परीक्षा के नाम पर विद्यार्थियों से कथित रूप से की जा रही अवैध धनउगाही तथा महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

इससे पूर्व विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता महाविद्यालय पहुंचे और छात्रों की शिकायतों के संबंध में प्रधानाचार्य से वार्ता करने का प्रयास किया। किंतु महाविद्यालय प्रशासन ने संवाद स्थापित करने के बजाए असहयोगपूर्ण एवं अमानवीय रवैया अपनाया, जिसके बाद अभाविप का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचा और कुलपति को 06 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वाइवा एवं प्रैक्टिकल परीक्षा के नाम पर कथित अवैध धनउगाही, महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि अनेक गंभीर अनियमितताओं के बावजूद महाविद्यालय वर्षों से संचालित हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित प्रभावित हो रहे हैं। कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत का संज्ञान लिया तथा संबंधित प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बक्शी का तालाब जिला के जिला संयोजक अंकित पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा संस्थान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य निर्माण के केंद्र होते हैं, न कि उनके आर्थिक शोषण के माध्यम। वाइवा एवं प्रैक्टिकल परीक्षा के नाम पर विद्यार्थियों से कथित अवैध धनउगाही तथा उन्हें मानसिक दबाव में रखना अत्यंत गंभीर विषय है। अभाविप किसी भी परिस्थिति में छात्रों के हितों से समझौता नहीं करेगी। हम लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करे। यदि विद्यार्थियों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता बरती गई, तो अभाविप चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# सपा सरकार के कामों को आज भी अपना काम बताकर भाजपा कर रही उद्घाटन : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में कराए गए विकास कार्यों का ये भाजपा सरकार आज भी उद्घाटन कर रही है। सपा सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनवाया। लखनऊ मेट्रो जितनी बनी थी उतनी है, वो आगे नहीं बढ़ पाई।

यह आरोप समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लगाए। वे सोमवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार में बना अमूल का प्लांट है, पराग का प्लांट है, एचसीएल है, आईआईआईटी है, डायल 100 है, पुलिस का हेडक्वार्टर, अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम इकाना हमारी सरकार में बनवाया गया। मेदांता हम लोग लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप किया। ग्रीन कॉरीडोर लखनऊ का हम लोगों ने बढ़ाया, रिवरफ्रंट बनाया। लेकिन उसे भी इस सरकार ने बर्बाद कर दिया। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने उप्र में किसान बाजार, आम के लिए विशेष मंडी बनाई गई, किसानों के रुकने की जगह-जगह थ्री स्टार होटल बनाए। हरदोई के संडीला में पेप्सी का सबसे बड़ा प्लांट लगा था, सबसे बेहतर सस्ता कैंसर अस्पताल इलाज के लिए बनाया था,



शिल्प ग्राम भाजपा सरकार की अनदेखी के चलते जर्जर और बर्बाद हो गईं। देश में सबसे ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज कहीं बंद हुए हैं तो उत्तर प्रदेश में हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सपा सरकार में बने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को बर्बाद कर दिया है। इतना बड़ा पार्क देश में नहीं देखने को मिलेगा, जितना जनेश्वर मिश्र पार्क था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को महापुरुष के नाम पर बने जेपीएनआईसी से नफरत है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठन हुआ था, तो उन्होंने तय किया था कि उनका रास्ता समाजवादी होगा, सेक्युलर होगा। उन्होंने कहा कि जो लखनऊ में भाजपा के विधायक है वो क्षेत्र बदलने की तैयारी में हैं। हम लोग क्षेत्र नहीं बदलने देंगे, विधायक बदल देंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में अन्याय, अत्याचार हर सीमा को लांघ गया है, इस सरकार का यही तो मॉडल है। उन्होंने कहा कि मौजूदा में जितना भी हमारे खिलाफ़ झूठा प्रचार हो रहा, उस पर हमारी पार्टी के लोग एफआईआर दर्ज करायेंगे।

# सुनार को घायल कर करोड़ों का सामान लूटने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों सुनार के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया। लूट में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को सोमवार की भोर में गिरफ्तार किया है। इनके पास से डेढ़ करोड़ रुपये का माल, पिस्टल मय कारतूस बरामद हुआ है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पचवन टोला बंग्ला वार्ड अमेठी निवासी सचिन कुमार वर्मा ने 23 जून को मुकदमा दर्ज कर बताया कि उनकी मुन्शीगंज राम बाग रोड पर ज्वैलर्स की दुकान है। प्रति दिन की भांति वह अपनी दुकान व अपने भाई मनीष सोनी की दुकान का सोने चांदी के जेवरात बैग में रख कर अपनी स्कूटी से दुकान से घर जा रहा था कि रात 08.30 बजे बंग्ला भवानी मन्दिर के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने स्कूटी रोककर स्कूटी व बैग लूटने की कोशिश करने लगे। जब वादी ने शोर मचाया तो अभियुक्तों ने वादी के पैर में गोली मार कर स्कूटी व बैग में रखे आभूषण लूट कर भाग गए। इस घटना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस की चार टीमें लगाई गईं। टीम की ओर से करीब 600 सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा गया तथा सर्विलांस सेल द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्रित किया गया। इसके बाद कार्रवाई करते सोमवार भोर के समय पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को दहेरामऊ एण्डरपास थाना गोसाईगंज से गिरफ्तार कर लिया। उन लोगों के पास से लूट का माल भी बरामद हुआ। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्तों में जौनपुर जिले के शिवम यादव उर्फ कुंदन और अंकुल यादव उर्फ गोले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। एक अन्य अभियुक्त सोनू यादव की गिरफ्तारी शीघ्र की जायेगी।

### रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी से मिले पूर्व विधायक राजेश यादव, समर्थकों के साथ पार्टी में हुए शामिल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह से सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल गुन्नौर से पूर्व विधायक राजेश यादव ने दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रालोद अध्यक्ष के नेतृत्व में आस्था जताते हुए राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

**कार्रवाई**

### लखनऊ में बॉस स्कैम के जरिए व्यवसायी से 18 लाख की ठगी


# साइबर क्राइम ने 10.85 लाख कराया वापस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पहली बार सामने आए बॉस स्कैम (सीईओ प्रतिरूपण धोखाधड़ी) का खुलासा साइबर क्राइम सेल ने किया है। पीड़ित के खाते में 10.85 लाख रुपये वापस लौटए हैं। साथ ही साथ मध्य प्रदेश के ग्वालियर से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शेष रिकवरी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) किरन यादव ने सोमवार को बताया कि बॉस स्कैम का शिकार बने लखनऊ के मशहूर व्यवसायी कलकत्ता रेगलिया के अकाउंटेंट से व्हाट्सएप पर व्यवसायी के पुत्र बनकर मालवेयर युक्त संदेश भेजकर 18 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। इसका सफल अनावरण साइबर क्राइम सेल ने किया है। साइबर सेल ने संबंधित बैंकों, पेमेंट एग्रीगेटर्स एवं अन्य संस्थाओं से त्वरित समन्वय स्थापित कर संदिग्ध बैंक खातों को चिन्हित किया गया। फ्रॉड की गई धनराशि को सुरक्षित कराने के लिए लगातार प्रभावी फॉलो–अप किया गया। सतत प्रयासों के फलस्वरूप पूर्व में दो भागों में दस लाख पचासी हजार रुपये की ठगी गई धनराशि पीड़ित को वापस कराई जा चुकी है। शेष धनराशि की रिकवरी, साइबर अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए तकनीकी एवं विधिक कार्रवाई निरंतर प्रचलित है।

ठगी के रकम का आधा रुपया वापस होने के बाद पीड़ित ने सोमवार को लखनऊ साइबर क्राइम पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उसने कहा कि जब मेरे साथ 18 लाख की साइबर ठगी हुई तो मुझे लगा कि मेरी पूरी धनराशि वापस मिलना लगभग असंभव है। लेकिन थाना साइबर क्राइम की टीम ने मेरी शिकायत को गंभीरता से लिया। पुलिस की तत्परता, तकनीकी दक्षता एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली के लिए मैं पूरी




टीम का धन्यवाद करता हूँ। एडीसीपी ने बताया कि ठगी के लिए साइबर अपराधी लगातार नए—नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। इन्हीं नए तरीकों में यह बॉस स्कैम तेजी से उभरकर सामने आया है । यह साइबर अपराध का ऐसा संगठित स्वरूप है जिसमें अपराधी किसी कंपनी के मालिक, निदेशक अथवा वरिष्ठ अधिकारी का प्रतिरूप धारण करते हैं। अपराधी पहले सोशल मीडिया, कंपनी की वेबसाइट, लिंकडिन, फेसबुक और इस्टाग्राम एवं अन्य सार्वजनिक स्रोतों से कंपनी तथा उसके अधिकारियों की जानकारी एकत्र करते हैं। इसके बाद समान प्रोफाइल फोटो एवं नाम का उपयोग कर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट, ई–मेल अथवा मोबाइल नंबर बनाते हैं। इसके बाद अकाउंट या फाइनेंस विभाग के कर्मचारी को संदेश भेजकर कहा जाता है कि, मैं मीटिंग में हूँ, कॉल मत करना। यह गोपनीय भुगतान है। अभी तुरंत भुगतान करना है। डील फाइनल करनी है, देर नहीं होनी चाहिए। अपराधी कर्मचारी को मानसिक दबाव एवं विश्वास में लेकर धनराशि अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करा लेते हैं। उन्होंने इस तरह के साइबर अपराधों से बचने के लिए यह भी बताया कि साइबर अपराधी तकनीक के साथ–साथ मानवीय विश्वास एवं मनोविज्ञान का भी दुरुपयोग कर रहे हैं। बॉस स्कैम में अपराधी स्वयं को कंपनी का मालिक, वरिष्ठ अधिकारी अथवा उनके परिजन बताकर कर्मचारियों पर तत्काल भुगतान का दबाव बनाते हैं।

### किसी भी वित्तीय निर्देश का पालन केवल व्हाट्सएप संदेश प्रोफाइल फोटो या ई-मेल के आधार पर कभी न करें

किसी भी वित्तीय निर्देश का पालन केवल व्हाट्सएप संदेश, प्रोफाइल फोटो या ई–मेल के आधार पर कभी न करें। संबंधित अधिकारी से उनके आधिकारिक मोबाइल नंबर अथवा अन्य विश्वसनीय माध्यम से स्वतंत्र रूप से सत्यापन अवश्य करें। प्रत्येक संस्था को वित्तीय लेन–देन के लिए टू लेविल वैरीफिकेशन और माकर चेकर प्रणाली अपनानी चाहिए। समय पर शिकायत दर्ज होने पर धनराशि की रिकवरी की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यदि कोई भी व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो तत्काल 1930 हेल्पलाइन अथवा एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# यूपी की आईजीआरएस रैंकिंग में लखनऊ ने प्रदेश में प्रथम स्थान पाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के एकीकृत जनसुनवाई शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर जन शिकायतों के त्वरित, संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी कार्यप्रणाली का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने सोमवार के जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के क्रम में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने माह जून-2026 की शासन की जारी रैंकिंग में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ के कुशल नेतृत्व, संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) के प्रभावी मार्गदर्शन तथा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं नोडल आईजीआरएस स्टाफ ऑफिसर, पुलिस आयुक्त कार्यालय के सतत निर्देशन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग का परिणाम है।

जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता, समयबद्धता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कमिश्नरेट स्तर पर निरंतर समीक्षा, प्रभावी अनुश्रवण तथा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त करने की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित की गई।

इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि कमिश्नरेट लखनऊ के 50 थानों ने भी शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया है। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक दक्षता का परिचायक ही नहीं है, अपितु आमजन की शिकायतों के प्रति पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

भविष्य में भी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

# सौगातः जलालाबाद कहलाएगा अब परशुरामपुरी, आस्था-भावनाओं का सम्मान

- केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद बोले- जनपद के लिए यह ऐतिहासिक दिन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में भगवान परशुराम जी की जन्मस्थली जलालाबाद का बहुप्रतीक्षित नाम बदल कर परशुरामपुरी किए जाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर जनपदवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने ढोल नगाड़ों पर नाचकर खुशी का इजहार किया और मंदिर में भगवान परशुराम धाम में जाकर प्रसाद चढ़ाया और मिष्ठान वितरण किया। जलालाबाद को परशुरामपुरी के नाम कैबिनेट मुहर लगने पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने स्वागत करते हुए कहा कि वह इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री एवं मुख्यमंत्री का असंख्य भगवान श्री परशुराम जी के भक्तों की ओर से आभार प्रकट करते है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है जब करोड़ो लोगों



**प्रसाद भवन पर बजे ढोल-नगाड़े** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट मीटिंग में शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर परशुरामपुरी किए जाने पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के स्थित कैंप कार्यालय प्रसाद भवन पर समस्त पार्टीजनों ने ढोल नगाड़े के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर कौशल मिश्रा, अनिल तिवारी, प्रशांत कठेरिया, अमित बाजपेई दिव्यांशु बाजपेई, अनुज शुक्ला, दीपक गुप्ता, पंकज द्विवेदी अंकित शुक्ला, मोहित दीक्षित, उपेंद्र दीक्षित, हिमांशु वाजपेई, छोटू मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

की आस्था के केंद्र का नाम बदलने की बर्षों पुरानी मांग को प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आहूत कैबिनेट की बैठक में पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि परशुरामपुरी भगवान श्री परशुराम जी के नाम पर उनके तप, त्याग, न्याय और धर्म के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। श्री प्रसाद ने भगवान श्री परशुराम जी की जन्म स्थली के निवासियों को जलालाबाद का नाम बदल कर परशुरामपुरी किए जाने पर उन्हें भी बधाई दी है। उधर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए जाने की असंख्य लोगों की मांग को लेकर श्री प्रसाद निरंतर प्रयासरत थे उन्होंने उपरोक्त प्रस्ताव जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार को भेजे जाने के उपरांत राज्य सरकार से केंद्र सरकार को



नाम बदले जाने की अनुमति-सहमति प्राप्त करने हेतु किए गए पत्राचार के उपरांत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से तत्समय मिलकर स्वीकृति दिलाने हेतु अपना पत्र सौंप कर उनसे आग्रह किया था। तदोपरांत वहां से अनुमोदन मिलने के बाद श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उनसे जलालाबाद का नाम बदलने हेतु राज्य सरकार से स्वीकृति प्रदान किए जाने का आग्रह किया था जिससे असंख्य श्री परशुराम जी के भक्तों की वहुप्रतिक्षित मांग पूरी हो सके। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में नाम बदलने का प्रस्ताव को स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असंख्य लोगों के दिलों की भावनाओं को पूरा करने का काम किया है। इस निर्णय से असंख्य लोगों के बीच खुशी का माहौल है।

### भगवान परशुराम की जन्मस्थली को मिली नई पहचानः मंत्री एके शर्मा

**मंत्रीपरिषद के ऐतिहासिक निर्णय का नगर विकासः ऊर्जा मंत्री ने किया स्वागत**

**शाहजहांपुर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत कस्बा-नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर परशुरामपुरी किए जाने संबंधी मंत्री परिषद के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत के सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय बताया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मंत्रीपरिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश की जनता की भावनाओं, जनप्रतिनिधियों की मांग तथा हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप है। इससे भगवान परशुराम से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को नई पहचान मिलेगी।श्री शर्मा ने कहा कि यह सर्वविदित है कि शाहजहांपुर स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली तथा महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली का नाम मुगल शासनकाल में जलालाबाद कर दिया गया था। लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की यह मांग रही कि इस पवित्र स्थल का नाम भगवान परशुराम के नाम पर ष्परशुरामपुरी रखा जाए। अब मंत्रीपरिषद के निर्णय से करोड़ों श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों की भावना का सम्मान हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा अनापत्ति प्रदान किए जाने तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद द्वारा इसे स्वीकृति दिए जाने से प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक मजबूती मिलेगी। यह निर्णय हमारी प्राचीन परंपराओं, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर ऐसे निर्णय ले रही है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों और जनभावनाओं को सम्मान देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का कार्य कर रही है।

### निशुल्क खाद्यान्न वितरण 20 जुलाई तकः डीएसओ

**शाहजहांपुर।** जुलाई में वितरित होने वाले खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण 6 जुलाई से 20 के मध्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं व 14 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति कार्डधारक नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 3 किलोग्राम गेहूं, 2 किलोग्राम चावल कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। जिलापूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को माह अप्रैल, मई व जून के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड की दर से 18 रूपए प्रति किग्रा की दर से वितरित की जाएगी। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण की सुविधा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी अनुमन्य रहेगी। जुलाई में ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है, उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से भी 20 जुलाई को वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस माह जनपद के 37841 अन्त्योदय कार्डधारकों को तथा 549011 पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण संपन्न कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### बहेड़ी में गरजी सपा, सरकार को घेरा, विधायक अताउर्रहमान बोले- जनता की अनदेखी बंद करो, वरना होगा बड़ा आंदोलन

**खाद नहीं, बिजली नहीं... सड़कों पर उतरा सपा का गुस्सा**



**बहेड़ी, बरेली।** किसानों की समस्याओं, बिजली-पानी की बदहाल व्यवस्था और महंगाई समेत विभिन्न जनमुद्दों को लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी ने नगर में जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री एवं बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से निकले सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और बाद में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी इशिता किशोर को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अताउर्रहमान ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों, व्यापारियों और आम जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। खाद संकट, बिजली कटौती, महंगाई और किसानों के बकाया भुगतान जैसे मुद्दों पर सरकार की उदासीनता से जनता परेशान है। ज्ञापन में कहा गया कि बहेड़ी क्षेत्र के किसान पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने से खेती के कार्य प्रभावित होने की चिंता जता रहे हैं। मांग की गई कि किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही चीनी मिल पर गन्ना किसानों का करीब 160 करोड़ रुपये का बकाया तत्काल दिलाने की भी मांग उठाई गई। सपा नेताओं का कहना था कि भुगतान में देरी से किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। ज्ञापन में डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण, भीषण गर्मी में हो रही बिजली कटौती पर रोक, बहेड़ी में 33 केवी पावर हाउस की स्वीकृति, नगर पालिका द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स को वापस लेने, मुख्य मार्गों पर जलभराव की समस्या दूर करने और पेयजल संकट का स्थायी समाधान कराने की मांग भी शामिल रही। इस दौरान विधायक अताउर्रहमान ने राम मंदिर में चंदे की कथित चोरी के मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनसमस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो 118 विधानसभा बहेड़ी में व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

### लेखपाल द्वारा जमीन दूसरे के नाम पर दर्ज करने की शिकायत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक ग्रामीण ने लेखपाल पर हेराफेरी कर उसके खेत के एक हिस्से को दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज करने का आरोप लगाया। ग्रामीण ने एसडीएम को पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। डभौरा गांव के पेशकार वर्मा ने बताया कि उसकी जमीन जिक्रीपुर मे है। आरोप है कि बिना किसी वैधानिक आदेश के दिनांक 19 मई 2026 को अभिलेखों में लेखपाल के द्वारा जमीन को दो हिस्सों में बांटकर एक हिस्सा दूसरे व्यक्ति के नाम कर दिया गया है। उसने बताया कि उसे इसकी जानकारी जून 2026 को तब हुई जब उसने खतौनी निकलवाई थी। इसके बाद उसने सभी अभिलेखों को देखा तो अभिलेखों में हेरा फेरी पाई गई। पेशकार ने एसडीएम जीत सिंह राय को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं उसकी जमीन उसे वापस दिलाने की मांग की।

### एक माह पूर्व लापता हुए किशोर की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जोगीपुर निवासी श्रीकृष्ण पुत्र रामभरोसे ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका 14 वर्षीय बेटा सुन्दर जो कक्षा 7 का छात्र था। बीती पांच जून को सुबह करीब 8 बजे बिना बताये कहीं चला गया। काफी खोजबीन के बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। कुछ दिन पूर्व पहले ही एक पुराना टच मोबाइल गांव कुदकापुर से खरीदा था। जिसमें सिम नहीं था। जो सुंदर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायत दर्ज, एक भी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

**पुवायां।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सदानंद सरोज की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें फरियादियों ने 37 शिकायतें दर्ज कराई। राजस्व की 14, पुलिस की 10, विकास विभाग की 18,समाज कल्याण विभाग 1, चार अन्य शिकायतें आई लेकिन किसी भी शिकायत का समाधान नहीं हो सका। समाधान दिवस में तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार निशी सिंह समेत संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ ने कस्तूरबा स्कूल में आपदा प्रबंधन-प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया

- मानसून से पूर्व बाढ़ से निपटने को लेकर एनडीआरएफ कर रही जागरूक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मानसून तैनाती के तहत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 8 एम टीम द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में सोमवार को कस्तूरबा गांधी कॉम्पोजिट स्कूल,श किला सदर में सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य



प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग,, सीपीआर, श्वासनली अवरोध से निपटने की तकनीक, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी के तरीके, बाढ़ के दौरान उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी उपकरण बनाने की विधि तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ टीम द्वारा सभी तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। जिससे प्रतिभागियों ने आपदा के समय स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा और सहायता के महत्वपूर्ण कौशल सीखे। कार्यक्रम में लेखपाल रवि सिंह, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं, आपदा मित्र एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पहल ग्रुप की मुहिम, राहगीरों को किया जागरूक

- हथौड़ा चैराहा पर कैंप लगाकर बांटे हेलमेट, पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पहल ग्रुप द्वारा सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए एक अच्छा कदम उठाया गया है। संस्था की ओर से हथौड़ा चैराहा पर एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट सफर कर रहे दोपहिया वाहन चालकों को मुफ्त हेलमेट बांटे गए और उन्हें सुरक्षा के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रैफिक इंचार्ज विनय कुमार पांडे जी, रागिनी



श्रीवास्तव, काजल यादव, अनूप कुमार एडवोकेट, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, विक्रांत सक्सेना, निखिल और स्वाति सहित ग्रुप के तमाम कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी दर्ज कराई। संस्था के सदस्यों ने राह चलते वाहन चालकों को रोककर स्वयं अपने हाथों से हेलमेट पहनाया। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार की खुशियों और खुद की जिंदगी की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक ग्रुप डायरेक्टर अभिषेक डेनियल ने सुरक्षित यात्रा, सुखद जीवनष् और सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा के नारे के साथ लोगों से अपील की। उन्होंने वाहन चालकों से सफर के दौरान सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने का विशेष आग्रह किया।

# सौतेली पुत्री के साथ दुष्कर्म के आरोपी की पुलिस अभिरक्षा में संदिग्ध मौत

- तबियत बिगड़ने के बाद पुलिस ले जा रही थी मेडिकल कालेज, हो गयी मौत
- अंत्येष्टि करने से परिजनों ने किया इनकार, साढे तीन घंटे बाद माने परिजन

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सौतेली पुत्री के साथ दुष्कर्म के आरोपी की रविवार की रात कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में तबियत बिगड़ गयी। आनन-फानन में पुलिसकर्मी उसे स्थानीय सीएचसी ले गए। गम्भीर हालत में रेफर किये जाने के बाद राजकीय मेडिकल कालेज हेतु ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। मृतक द्वारा पुलिस अभिरक्षा में जहर खाकर आत्महत्या करने की चर्चा ने क्षेत्र में खलबली मचा दी। पीएम के बाद गाँव पहुँचे शव की अंत्येष्टि करने को परिजन तैयार नहीं हुए। काफी देर तक समझाने बुझाने के साढ़े तीन घण्टे बाद शव का अंतिम संस्कार हो सका।

गाँव मुड़िया पमार निवासी प्रदीप लगभग नौ वर्ष पहले प्रेम प्रसंग के चलते खुटार निवासी विवाहिता पल्लवी को साथ ले आया था। महिला अपने साथ एक पुत्री तथा एक पुत्र को लेकर आयी थी। विगत 29 अप्रैल को प्रदीप ने सौतेली पुत्री की क्षेत्र के एक गाँव में शादी कर दी। शनिवार को कोतवाली पहुँचकर उपरोक्त पुत्री ने सौतेले पिता पर आपत्तिजनक सम्बन्ध स्थापित करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। रविवार की सुबह पुलिस प्रदीप को थाने लिवा लायी। जहाँ कुछ लोगों की मध्यस्थता में पूरे दिन दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास किया गया। देर शाम तक समझौता न हो पाने के कारण पुलिस ने प्रदीप को कोतवाली में रोक लिया। इसी दौरान रात करीब एक बजे उसकी तबियत बिगड़ गयी। पुलिस उसे लेकर स्थानीय सीएचसी गयी जहाँ से गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया गया। राजकीय मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में ही प्रदीप की मौत हो गयी। प्रदीप की मौत से परिजन सहित अन्य ग्रामीणों में रोष छा गया। लोगों का आरोप था कि प्रदीप की मौत पुलिस अभिरक्षा में जहर खाने से हुई। सवाल यह था कि अभिरक्षा में उसे जहर कहाँ से मिला? मुखबिरों द्वारा क्षेत्रवासियों के आक्रोश की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सुबह जल्दी ही शव को पीएम हाउस भिजवा दिया तथा अधिकारियों के निर्देश पर पुवायां और खुटार पुलिस ने मुड़िया पमार गाँव के चारों तरफ नाकेबंदी कर दी। दोपहर दो बजे शव को पीएम के बाद गाँव ले जाया गया। पुलिस के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए परिजनों ने शव की अंत्येष्टि करने से इनकार कर दिया। मौके पर सीओ पुवायां प्रवीण मलिक सहित भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। काफी देर तक पुलिस ने परिजनों को समझाने की कोशिश की। कई संभ्रांत क्षेत्रवासी भी पुलिस की पैरवी करते दिखे। लम्बी रस्साकसी के बाद इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने प्रदीप के परिवार को हर सम्भव सरकारी सहायता दिलाने सहित निजी स्तर से भी मदद का वादा किया। तब जाकर साढ़े पांच बजे परिजन शव की अंत्येष्टि को तैयार हुए। इस दौरान प्रदीप के भाई नीरज ने पत्थर से अपना सिर फोड़ लिया। जिसका पुलिस ने डॉक्टर बुलाकर उपचार कराया। परिवार में प्रदीप के पिता साधुराम सहित भाई नीरज और हवलदार तथा पत्नी पल्लवी और दो पुत्र अंश व उमंग में शोक व्याप्त है। इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदीप की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत हार्ट अटैक से होना दर्शायी गयी है। उधर प्रदीप के शव की अंत्येष्टि तक एसपी ग्रामीण दीक्षा भँवरे अरुण लगातार कोतवाली में मौजूद रहीं। इस दौरान दोपहर के समय उन्होंने मुड़िया पमार गाँव पहुँचकर भी जायजा लिया। उधर स्थानीय सीएचसी के चिकित्सक डॉ. अभिषेक ने बताया की रात करीब एक बजे पुलिसकर्मी प्रदीप को लेकर आये थे। बेहद उच्च रक्तचाप के कारण राजकीय मेडिकल कालेज हेतु रेफर कर दिया गया था।

## सीडीओ ने टटोली स्वास्थ्य विभाग की नब्ज



**शाहजहांपुर।** जनपद में आयोजित वीएचएसएनडी सत्रों एवं हेल्थ एंडत्र वेलनेस सेंटर, पड़रा सिकंदरपुर का निरीक्षण सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ग्राम देवरास एवं सरैया आबाद में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, एएनसी जांच एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ओपीडी, ई-संजीवनी, मलेरिया एवं टाइफाइड जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की समीक्षा की। सीडीओ ने संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण, नियमित एएनसी जांच एवं संचारी रोगों की रोकथाम हेतु निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## एक्शनः खेत में चल रही थी नकली खाद फैक्ट्री, उर्वरकों को किया सीज

- सूचना पर जिला कृषि अधिकारी ने छापेमारी कर लिया बड़ा एक्शन

**शाहजहांपुर।** जनपद में बड़े पैमाने पर नकली खाद, उर्वरकों की मिल रही शिकायतों पर कृषि विभाग निरंतर नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में रविवार की बीती रात 1 बजे जिला कृषि अधिकारी को फोन आता है कि मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा में नकली खाद, माइक्रो जिंक बनाने की फैक्ट्री चल रही है। जिसके बाद रात में जिला कृषि अधिकारी पुलिस बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे। जहां पर एक खेत में नकली खाद फैक्ट्री देख वह सन्न रह गए। उन्होंने रात में ही वहां मौजूद लोगों से पूछताछ कर बयान दर्ज किए। उसके बाद उन्होंने वहां पर दो सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर वापस लौट आए। सोमवार को पुनः जाकर जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर द्वारा मौजूद उर्वरक, बनाने वाली सामग्री व सामान आदि को सीज करते हुए संबधितों के खिलाफ एफआईआर के लिए थाना में तहरीर दी है।

# सांप के काटने से हुई युवक की मौत के बाद परिजनों ने फैक्ट्री के गेट पर शव रखकर किया हंगामा

**मीरानपुर कटरा (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित राजश्री केमिकल (एथेनॉल) फैक्ट्री में ड्यूटी के दौरान सुरक्षा गार्ड राजीव कुमार (28) की सर्पदंश से मौत के बाद सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री परिसर में शव रखकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर घटना की सूचना समय पर न देने और लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। राजीव कुमार निवासी ग्राम हरेली अलीपुर रविवार शाम ड्यूटी पर गए थे। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान सांप के काटने के बाद उन्हें



अस्पताल ले जाया गया, लेकिन परिवार को समय से सूचना नहीं दी गई। सूचना मिलने पर जब परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा पहुंचे, तब तक चिकित्सकों ने राजीव को मृत घोषित कर दिया था। घटना से आक्रोशित परिजन शव को फैक्ट्री परिसर में ले आए और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफी देर तक फैक्ट्री परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही तिलहर क्षेत्राधिकारी, कटरा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और फैक्ट्री प्रबंधन से अलग-अलग वार्ता कर दोनों पक्षों को शांत कराया। काफी देर चली बातचीत के बाद पुलिस के समझाने पर परिजन शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही फैक्ट्री प्रबंधन से भी परिजनों की मांगों पर वार्ता की गई। क्षेत्राधिकारी तिलहर इशिका सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित सभी तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुवायां में गूंजी शहनाईयां, 143 जोड़े बंधे शादी के पवित्र बंधन में

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद दिया

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को पुवायां के सूरज मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह योजनान्तर्गत विवाह समारोह का आयोजन धूमधाम से समाज कल्याण विभाग की ओर से कराया गया। विवाह समारोह की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थी, जिसमें सुबह सुबह मैरिज लॉन के परिसर में वर-वधू के जोड़े परिवारजनों के साथ पहुंचने लगे। मंडप में विधि विधान के साथ विवाह समारोह कराएं गये। 143 जोडों ने शादी के पवित्र बंधन में एक दूसरे के साथ जीवन बिताने के वचन लिए। विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर नव जोड़ो को आशीर्वाद दिया और सरकार द्वारा चलाई जा रही,



जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज हर गरीब की बेटी के हाथ योगी सरकार पीले कर रही है। जिनके लिए दहेज अभिशाप था, आज वह पिता भी धूमधाम से अपनी बिटिया को विदा कर रहा है। यह सब डबल इंजन की सरकार में संभव हुआ है। मंच संचालन इन्दु अजनवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चेतराम, सांसद विशिष्ट अतिथि मिथलेश कुमार, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत पुवायां, बण्डा, खुटार एवं सिधौली, अध्यक्ष नगर पालिका पुवायां संजय गुप्ता, नगर पंचायत खुटार एवं बण्डा, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराने में खण्ड विकास अधिकारी पुवायां, बण्डा, खुटार, सिधौली नगर पालिका परिषद पुवायां, नगर पंचायत बण्डा, नगर पंचायत खुटार के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी के नरेन्द्र देव, प्रधान सहायक, तुषार, वरिष्ठ सहायक, राघवेन्द्र मोहन शर्मा, सहायक विकास अधिकारी, संजीव कुमार सहायक विकास अधिकारी, रणवीर सिंह व अन्य विभागीय कर्मचारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। योजना के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जीवन-रक्षक न्यायिक पहल

कैसी विडंबना है कि जिस जिम्मेदार व्यवहार को शासन-प्रशासन को अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए करना चाहिए, उसकी पहल अदालत को करनी पड़ रही है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक जरूरी नागरिक समस्या की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान दिलाया है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है- सड़कों के किनारे छोड़े गए दुर्घटनाग्रस्त वाहन। जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दरअसल, शिमला एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़क और जिला अदालत के आस-पास पड़ी अनेक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को देखकर ही अदालत ने यह बात कही। कोर्ट का कहना है कि ये दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियां सड़क सुरक्षा के लिये खतरा और पर्यावरण के लिये नुकसानदेह हैं। निःसंदेह, यह प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। पहाड़ी राज्यों में, जहां सड़कें संकरी और घुमावदार होती हैं और लगातार भूस्खलन का खतरा बना रहता है, वहां सड़क की हर इंच जगह कीमती होती है। तार्किक ही है कि छोड़ी गई गाड़ियां सड़क की चौड़ाई को कम कर देती हैं। वहीं दूसरी ओर तीव्र मोड़ों पर देखने में बाधा डालती हैं। ये आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही में भी बाधक बनती हैं। निस्संदेह, इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में जब फिसलन भरी सड़कों और कम दृश्यता के कारण वाहन चालक पहले ही ड्राइविंग में मुश्किलों का सामना कर रहे होते हैं। ऐसे में सड़कों को कबाड़खाने में तब्दील करने की इजाजत किसी भी कीमत पर नहीं दी जा सकती। दूसरी तरफ इन दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। इनका पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव भी एक गंभीर समस्या है। क्षतिग्रस्त वाहनों से अक्सर ईंधन, इंजन ऑयल, कूलेंट, ब्रेक फ्लूइड तथा बैटरी एसिड रिसता रहता है। जिससे मिट्टी तथा जल-स्रोत प्रदूषित हो सकते हैं। हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में इस तरह के प्रदूषण के दूरगामी घातक प्रभाव हो सकते हैं। निश्चित रूप से पुलिस, परिवहन विभाग, नगर निकायों, बीमा कंपनियों और न्यायपालिका के बीच तालमेल न होने के कारण ही समस्या जटिल बनी हुई है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के संबंध में जांच लंबित होने, बीमा संबंधी विवादों और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के लिये निर्धारित जगह न होने से यह समस्या जटिल बनी हुई है। इन सभी कारणों से ये दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़कों के किनारे यूं ही पड़े रहते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट ने समस्या के निदान के लिये एक कारगर एक्शन प्लान की मांग की है। जिसमें जब्त वाहनों के लिये खास यार्ड बनाने, डिजिटल तरीके से पड़ताल, जब्त वाहनों को छोड़ने के लिये समयबद्ध प्रक्रिया और स्क्रैपिंग सेंटरों के जरिये वैज्ञानिक तरीके से रीसाइक्लिंग की सख्त जरूरत है। देश की शीर्ष अदालत ने भी बार-बार कहा है कि जब्त गाड़ियों को अनिश्चित समय के लिये सड़कों पर सड़ने के लिये नहीं छोड़ा जा सकता। सड़क सुरक्षा के मायने सिर्फ ट्रैफिक नियमों को लागू करवाना या संरचना को बेहतर बनाना ही नहीं है। वास्तव में लोगों की जान बचाने के लिये दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सार्वजनिक स्थानों से हटाना भी एक बुनियादी प्रशासनिक जिम्मेदारी है।

# नव भारत साक्षरता अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के 11.69 लाख लोग हुए साक्षर

*धर्मवीर खरे*

उत्तर प्रदेश में शिक्षा को केवल विद्यालयों और महाविद्यालयों तक सीमित न रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और जनसशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए अनेक अभिनव कार्य शुरू किये हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में संचालित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आज लाखों लोगों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और नए अवसरों का संचार कर रहा है।

निरक्षरता केवल अक्षरों को न पहचान पाने की स्थिति नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत विकास की राह में एक बड़ी बाधा भी होती है। जो व्यक्ति पढ़ना-लिखना नहीं जानता, वह सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने, स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों को समझने, बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने और आधुनिक तकनीकी संसाधनों का लाभ उठाने में कठिनाई महसूस करता है। ऐसे में साक्षरता केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता की कुंजी बन जाती है।

इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को साक्षर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर ''नव भारत साक्षरता कार्यक्रम'' संचालित किया जा रहा है। इस अभियान ने बीते वर्षों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक आयोजित साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाओं में कुल 13,81,530 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 11,68,292 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक साक्षरता प्राप्त की। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की कहानी भी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का मानना है कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षा से जुड़ा हो। यही कारण है कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, निपुण भारत मिशन को लागू करने और उच्च शिक्षा संस्थानों के विस्तार के साथ-साथ वयस्क साक्षरता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम इसी व्यापक दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामुदायिक भागीदारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत पहले असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की जाती है। इसके बाद प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाता है। यही वालंटियर्स गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्रों में साक्षरता कक्षाओं का संचालन करते हैं। शिक्षण कार्य ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित किया जाता है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।



*कोई महिला साक्षर बनती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। साक्षर महिला अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक होती है, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को बेहतर ढंग से समझती है और आर्थिक गतिविधियों में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस दृष्टि से यह अभियान महिला सशक्तीकरण का भी एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। साक्षरता का सीधा संबंध आर्थिक विकास से भी है। आज के समय में बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, सरकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बुनियादी शिक्षा आवश्यक हो गई है। साक्षर व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों को समझ सकता है, आवेदन पत्र भर सकता है और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकता है। इससे उसकी आर्थिक भागीदारी बढ़ती है और आत्मनिर्भरता को बल मिलता है। प्रदेश में अब तक आयोजित सात साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाएं इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण हैं। वर्ष 2022-23 में जहां लगभग 1.46 लाख प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया, वहीं वर्ष 2025-26 तक यह संख्या बढ़कर 4.01 लाख से अधिक हो गई। समाज के इस अभियान के प्रति लोगों का विश्वास और सहभागिता लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का सफल होना यह भी बताता है कि साक्षरता कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक परिणाम देने वाला अभियान बन चुका है। योगी सरकार वर्ष 2026-27 में इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाने की तैयारी कर रही है।*

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाना नहीं है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को गणना, दैनिक जीवन में उपयोगी जानकारी, वित्तीय साक्षरता, सामाजिक जागरूकता और नागरिक कर्तव्यों से भी परिचित कराया जाता है। इससे वे न केवल अक्षर ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में वयस्क साक्षरता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करना एक बड़ी चुनौती है। प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे लोग हैं जो आर्थिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से कभी विद्यालय नहीं जा सके। कई महिलाओं को भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिला। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम ने ऐसे लोगों तक पहुंचकर उन्हें शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

इस साक्षरता कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी इस अभियान की बड़ी उपलब्धि रही है। जब कोई महिला साक्षर बनती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। साक्षर महिला अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक होती है, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को बेहतर ढंग से समझती है और आर्थिक गतिविधियों में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस दृष्टि से यह अभियान महिला सशक्तीकरण का भी एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। साक्षरता का सीधा संबंध आर्थिक विकास से भी है। आज के समय में बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, सरकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बुनियादी शिक्षा आवश्यक हो गई है। साक्षर व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों को समझ सकता है, आवेदन पत्र भर सकता है और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकता है। इससे उसकी आर्थिक भागीदारी बढ़ती है और आत्मनिर्भरता को बल मिलता है।

प्रदेश में अब तक आयोजित सात साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाएं इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण हैं। वर्ष 2022-23 में जहां लगभग 1.46 लाख प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया, वहीं वर्ष 2025-26 तक यह संख्या बढ़कर 4.01 लाख से अधिक हो गई। समाज के इस अभियान के प्रति लोगों का विश्वास और सहभागिता लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का सफल होना यह भी बताता है कि साक्षरता कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक परिणाम देने वाला अभियान बन चुका है। योगी सरकार वर्ष 2026-27 में इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाने की तैयारी कर रही है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी जनपदों को 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें साक्षर बनाने का लक्ष्य सौंपा गया है। इसके लिए वालंटियर्स और मास्टर ट्रेनर्स का नेटवर्क और मजबूत किया जा रहा है। साथ ही अभियान की नियमित मॉनिटरिंग और मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जा सके।

यह अभियान सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिक्षा का लाभ समाज के उन वर्गों तक पहुंच रहा है जो लंबे समय तक इससे वंचित रहे। इससे सामाजिक असमानताओं को कम करने और समान अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है। शिक्षा के माध्यम से नागरिक अधिक जागरूक बन रहे हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी भी बढ़ रही है। आज जब उत्तर प्रदेश शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल सशक्तीकरण और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है, तब नव भारत साक्षरता कार्यक्रम इस परिवर्तन की मजबूत नींव के रूप में सामने आया है। यह अभियान केवल निरक्षरता दूर करने का प्रयास नहीं, बल्कि एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कदम है जहां प्रत्येक नागरिक शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर हो। आने वाले वर्षों में यह अभियान और अधिक लोगों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश पहुंचाएगा तथा आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। शिक्षा के इस महाअभियान ने यह साबित कर दिया है कि अक्षर ज्ञान केवल शब्दों को पढ़ने की क्षमता नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने वाली शक्ति है।

## विचार

# फरजाना ने विद्युत सखी बनकर ग्रामीण महिला स्वावलंबन की दी मिसाल

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आर्थिक और सामाजिक बदलाव की एक प्रभावशाली क्रांति ला रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों को केवल वित्तीय अनुदान देने तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें स्थायी आजीविका के विविध अवसरों से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में स्थापित करना है।

इस महत्वाकांक्षी अभियान के केंद्र बिंदु में ग्रामीण महिलाएं हैं, जिन्हें स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के रूप में संगठित कर एक शक्तिशाली सामाजिक और वित्तीय नेटवर्क में बदला जा रहा है। ये समूह महिलाओं को एक ऐसा प्रगतिशील और सुरक्षित मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे अपनी छोटी-छोटी बचत को एकत्रित कर सकती हैं। इन समूहों के माध्यम से आपस में ही आसान शर्तों पर आंतरिक ऋण की व्यवस्था होती है, जिससे सदस्य महिलाएं अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं को बिना किसी बाहरी निर्भरता के पूरा कर पाती हैं। इस स्वावलंबी व्यवस्था ने ग्रामीण महिलाओं को पारंपरिक साहूकारों और बिचौलियों के सामाजिक व आर्थिक शोषण से पूरी तरह मुक्त कर दिया है।

मिशन के तहत ग्रामीण महिलाओं की कार्यकुशलता और निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा रिवॉल्विंग फंड और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड जैसी महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है। इस सुदृढ़ संबल का उपयोग करके महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, डेयरी फार्मिंग और उन्नत हस्तशिल्प जैसे स्वरोजगार अपना रही हैं।

वित्तीय समावेशन को और विस्तार देते हुए राज्य में बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी (बीसी सखी) और विद्युत सखी जैसी अभिनव पहल लागू की गई हैं। इसके अंतर्गत महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वाइप मशीनों तथा मोबाइल ऐप्स से जोड़ा गया है। ये सखियां अब सुदूर गांवों में घर-घर जाकर वित्तीय सेवाएं दे रही हैं और बिजली बिल जमा कर रही हैं, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को शहरों या सब-स्टेशनों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं।

ऐसी ही सरकारी योजनाओं के सफल लाभार्थियों में एक प्रेरणादायी उदाहरण गाजियाबाद जिले के मुरादनगर ब्लॉक स्थित ग्राम बसंतपुर सैथली की रहने वाली फरजाना का भी है। मेरठ जिले के माछरा गाँव के एक अत्यंत निर्धन परिवार में जन्मीं फरजाना का शुरुआती जीवन गहन संघर्षों में बीता। कम उम्र में माता के निधन के बाद उनके पिता ने रिक्शा चलाकर छह बच्चों का भरण-पोषण किया। विवाह के पश्चात बसंतपुर सैथली आने पर फरजाना के जीवन में वास्तविक और युगांतरकारी मोड़ वर्ष 2017 में आया, जब वे इस मिशन के तहत गठित आशीर्वाद सखी स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। शुरुआती बैठकों और तकनीकी बारीकियों को समझने में कठिनाइयों के बावजूद फरजाना ने हार नहीं मानी। योजना से मिले संबल और आत्मविश्वास के कारण उन्होंने अपनी अधूरी शिक्षा पुनः प्रारंभ की और वर्ष 2023 में स्नातक (बीए) की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण स्वच्छता अभियान में भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। वर्तमान में फरजाना महिला शक्ति क्लस्टर और सफलता महिला प्रेरणा ग्राम संगठन के अंतर्गत विद्युत सखी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं। वे घर-घर जाकर बिजली बिलों का संकलन करती हैं और उपभोक्ताओं को सरकारी योजनाओं की प्रामाणिक जानकारी देती हैं। इस सेवा के माध्यम से उन्होंने अब तक चार करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिलों का कलेक्शन किया है, जिससे उन्हें ढाई लाख रुपये से अधिक का लाभांश प्राप्त हुआ है।

यह विद्युत सखी मॉडल यूपी पावर कॉर्पोरेशन के राजस्व प्रबंधन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाकर पुरुषों पर उनकी पारंपरिक निर्भरता को समाप्त कर रहा है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अब उन्नत कृषि पद्धतियों और ई-कॉमर्स ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराकर गांवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन को भी रोक रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों के समन्वय से यह मिशन अब एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुका है, जहाँ फरजाना जैसी साधारण महिलाएं अपने कड़े परिश्रम से आर्थिक स्वतंत्रता की नई पटकथा लिख रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अब परंपरागत कृषि के ढर्रे से आगे बढ़कर ग्रामीण परिवारों को वैज्ञानिक पशुपालन और जैविक खेती के आधुनिक तौर.तरीकों से भी जोड़ रहा है। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्कृष्ट उत्पादों को बेहतर और बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय प्रदर्शनियों, मेलों से लेकर बड़े ई.कॉमर्स ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। इस सुनियोजित विपणन व्यवस्था से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह तेज हुआ है।

सामुदायिक आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तीकरण का यह समग्र मॉडल अब उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिलेए ब्लॉक और सुदूर ग्राम पंक्ति तक अपनी पैठ बना चुका है। जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग और प्रदेश सरकार की लोक.कल्याणकारी नीतियों के समन्वय से यह मिशन अब एक सामान्य सरकारी योजना के दायरे से बाहर निकलकर एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की साधारण महिलाएं आज इस मिशन से जुड़कर अपने अदम्य साहस, बुद्धिमत्ता और कड़े परिश्रम के बल पर विकास की एक नई पटकथा लिख रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सामाजिक समरसता और आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त करेगी।

साहित्य



## पंडवानी की अमर आवाज़!

**संजय एम तराणेकर**

ऐसा हुनर कि इतिहास भी झुककर सलाम करें ,
डॉ तीजन बाई का हर स्वर, भारत का नाम करे।
जिनके स्वर में मिट्टी की सौंधी खुशबू बसती थी,
वे हर पंक्ति में संस्कृति की दीपशिखा रचती थी।

उनके तंबूरे की तान में था, साहस का उजियारा,
गायन शैली ने कर दिया लोककला को सितारा।
जो कला को इबादत समझ जीवनभर गाती रहीं,
वह अपने सुरों से पीढ़ियों को राह दिखाती रहीं।

रूढ़ियों की दीवारें तोड़ संघर्ष को ताकत बनाया,
जिसने पंडवानी को विश्व पटल पे मान दिलाया।
शरीर भले आज मौन हुआ, पर स्वर अमर रहेगा,
ओजस्वी वाणी का गौरव युगों तक सदा पूजेगा।





## राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा।

**वृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा।

**कन्याः-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। पूर्वत स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# मंदिर, राम सेतु और राजनीति : कैसे बदलते रहे नेताओं के सुर



*संजय सक्सेना*

भारतीय राजनीति में भगवान राम का नाम दशकों से एक संवेदनशील और विवादित विषय रहा है। समय-समय पर अलग-अलग दलों और नेताओं के बयानों ने इस मुद्दे को गर्माया है, और हर बार यह बहस नए सिरे से शुरू हो जाती है कि कौन राम के प्रति कैसा नजरिया रखता है।2007 में केंद्र की कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने सेतुसमुद्रम शिपिंग कैनाल प्रोजेक्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया था। इस हलफनामे में यह तर्क दिया गया था कि रामायण और अन्य धार्मिक ग्रंथ ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं माने जा सकते, और इसलिए राम सेतु के अस्तित्व को पुरातात्विक या वैज्ञानिक प्रमाण के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

इस हलफनामे पर देशभर में भारी विरोध हुआ, जिसके बाद सरकार को इसे वापस लेना पड़ा और तत्कालीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कपिल सिब्बल ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी। इस घटना को आज भी बीजेपी और अन्य हिंदुत्ववादी संगठन कांग्रेस के खिलाफ एक प्रमुख राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का नाम राम मंदिर आंदोलन के दौर से जुड़ा रहा है। 1990 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवाने का आदेश दिया था, जिसे लेकर बीजेपी और हिंदुत्ववादी संगठन आज भी उन्हें निशाना बनाते हैं।

संसद और सार्वजनिक मंचों पर उनके कुछ बयानों को लेकर भी विवाद हुए, जिनमें अयोध्या में राम जन्मभूमि के ऐतिहासिक प्रमाणों पर सवाल उठाने की बात कही जाती रही है। हालांकि, सपा नेता इन आरोपों को अक्सर संदर्भ से काटकर पेश किए जाने की बात कहते रहे हैं।

मिले मुलायम कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्रीराम यह नारा 1993 के यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान सपा-बसपा गठबंधन के खिलाफ बीजेपी और उसके समर्थकों की ओर से गढ़ा गया था, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि सपा-बसपा गठबंधन हिंदुत्व की राजनीति के विरोध में खड़ा है। यह नारा आज भी चुनावी भाषणों में सपा को घेरने के लिए इस्तेमाल होता है। आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद को हिंदू बताते हुए मंदिरों में पूजा-अर्चना करते और जनेऊ पहनते नजर आते हैं।

आलोचक इसे चुनावी रणनीति बताते हैं, जबकि सपा नेताओं का कहना है कि यह उनकी निजी आस्था है और इसे राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर भी बीजेपी अक्सर यह आरोप लगाती है कि उनकी पार्टी की राजनीति मुस्लिम-यादव (एमवाई) समीकरण पर आधारित है, और इस वजह से राम मंदिर जैसे मुद्दों पर उनका रुख हमेशा सतर्क और गोलमोल रहा है। राजद की ओर से इसे धर्मनिरपेक्षता की राजनीति बताया जाता है, न कि किसी धर्म-विशेष के प्रति दुराग्रह।एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी लंबे समय से बीजेपी और हिंदुत्ववादी संगठनों के निशाने पर रहे हैं। उन पर मुस्लिम तुष्टिकरण और हिंदू प्रतीकों से परहेज करने के आरोप लगते रहे हैं। ओवैसी खुद अक्सर इन आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि वे भारतीय संविधान और धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखते हैं, और किसी धर्म के प्रति उनका कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

हाल के वर्षों में संभल की जामा मस्जिद को लेकर हुए विवाद और वहां के सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के बयानों ने भी सुर्खियां बटोरीं। यह मुद्दा भी सांप्रदायिक राजनीति और मस्जिद-मंदिर विवादों की व्यापक बहस का हिस्सा बन गया।कुछ दलित और बौद्ध नेता भी राम मंदिर आंदोलन से खुद को दूर रखते आए हैं। इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि बौद्ध धर्म और अंबेडकरवादी विचारधारा हिंदू धार्मिक प्रतीकों और वर्ण-व्यवस्था से जुड़े इतिहास को अलग नजरिए से देखते हैं। इसे धार्मिक विरोध की बजाय वैचारिक और सामाजिक असहमति के तौर पर देखा जाना ज्यादा उचित होगा। इस पूरे विमर्श का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आलोचकों का तर्क है कि कौन राम का नाम लेता है और कौन नहीं इस आधार पर नेताओं को कठघरे में खड़ा करना खुद एक राजनीतिक हथियार बन चुका है, जिसका इस्तेमाल चुनावों में ध्रुवीकरण के लिए किया जाता है। विपक्षी दलों का कहना है कि आस्था एक निजी विषय है, और किसी नेता के धार्मिक बयान या मौन को उसकी राष्ट्रभक्ति या देशप्रेम से जोड़ना गलत मिसाल कायम करता है।

वहीं बीजेपी और उसके समर्थकों का तर्क है कि जब कोई सार्वजनिक पद पर बैठा व्यक्ति बहुसंख्यक आस्था से जुड़े प्रतीकों पर सवाल उठाता है, तो जनता को उसका जवाब मांगने का अधिकार है। लब्बोलुआब यह है कि राम मंदिर और राम सेतु जैसे मुद्दे भारतीय राजनीति में आस्था, पहचान और सामाजिक न्याय की जटिल परतों को उजागर करते हैं। यह बहस जितनी धार्मिक है, उतनी ही राजनीतिक और सामाजिक भी। किसी नेता के बयान या मौन को समझने के लिए उसके पूरे संदर्भ, समय और परिस्थिति को ध्यान में रखना जरूरी है, ताकि एकतरफा या अधूरी तस्वीर पेश करने से बचा जा सके।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### इको और बाइक की भिड़ंत में मासूम सहित दो की मौत, चार घायल



**महोबा।** झांसी–राठ मार्ग पर महोबकंठ थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास रविवार को नीलगाय को बचाने के प्रयास में इको कार और मोटरसाइकिल की आमने–सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक वर्षीय मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दुलारा निवासी देवप्रकाश पुत्र छिद्दू अपने भाई–भाभी को हरपालपुर रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान झांसी की ओर से आ रही इको कार के सामने अचानक एक नीलगाय आ गई। चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान हरपालपुर की ओर जा रही मोटरसाइकिल भी इको की चपेट में आ गई, जिससे जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में शिवांशी (1 वर्ष) पुत्री विनोद और देवप्रकाश पुत्र छिद्दू की मौत हो गई। वहीं विनोद पुत्र मनप्यारे, सीता पत्नी विनोद, तथा इको में सवार इकबाल पुत्र अशफाक (55 वर्ष), निवासी शिवाजी नगर, झांसी और अफजाल पुत्र अशफाक (50 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही महोबकंठ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया। चिकित्सकों ने शिवांशी और देवप्रकाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य चार घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए झांसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनिरुद्ध सिंह, थाना प्रभारी पनवाड़ी प्रवीण कुमार सिंह तथा महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया।थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि वाइक सबार मासूम सहित दो की मौत हुई है! पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महोबा की मोर्चरी भिजवाया। इस दर्दनाक हादसे से ग्राम दुलारा में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।

### विहिप, बजरंग दल के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़, सैकड़ों ग्रामीणों ने कराया इलाज




**जालौन (उरई)।** स्वास्थ्य सेवाओं से दूर ग्रामीणों के लिए सोमवार का दिन राहत और उम्मीद लेकर आया। विश्व हिंदू परिषदद्बजरंग दल द्वारा प्रखण्ड जालौन के ग्राम सिहारी पढ़ैया में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और नि:शुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया तथा बीमारियों से बचाव और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर के दौरान पूरे दिन मरीजों की जांच और दवा वितरण का क्रम चलता रहा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक मानवेंद्र पाल, डॉ. रणधीर निरंजन, डॉ. रेनू पांडे, जमशेद (पीटीपी), अमरदीप (एसएम) एवं मुकेश (सीएचओ) ने सक्रिय सहयोग किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ष्नर सेवा ही नारायण सेवा हैष् और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही संगठन का लक्ष्य है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनसेवा के कार्य लगातार जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### पॉक्सो मामले का वांछित आरोपी सहारनपुर से गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल

**माधौगढ़ (जालौन)।** जालौन पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत माधौगढ़ कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी को सहारनपुर जनपद से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान रणवीर सिंह गुर्जर पुत्र बलकार सिंह, निवासी सलारपुरा, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध मुकदमा संख्या 44/2026 में धारा 137, 87, 125 बीएनएस तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। वह काफी समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। माधौगढ़ पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर सहारनपुर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में बंगरा चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, आरक्षी नरेश सोलंकी, आरक्षी राजकुमार तथा महिला आरक्षी फूलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कार्यभार ग्रहण करने वाले माधौगढ़ के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफसख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने ग्राम प्रधानों, मीडिया प्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।

# प्राप्त आवेदनों पर गुणवत्तापूर्ण, त्वरित कार्रवाई हो: डीएम

- कुल 267 प्राप्त शिकायतों में 28 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण
- शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का अधिकारी/कर्मचारी करे निस्तारण

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शासन की मंशा है कि आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में कृषि, राजस्व, पुलिस, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, चकबंदी, विद्युत, आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, उद्यान, सिंचाई, नलकूप, जल निगम (ग्रामीण), बाल विकास, महिला कल्याण, जिला पूर्ति, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, भूमि विवाद आदि से संबंधित कुल 267 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 28 प्रार्थना पत्रों का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया, अवशेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दूर दराज से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं सुना। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थीपरक/जन कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति शासन की संचालित योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराए। इस अवसर उप जिलाधिकारी खागा अभिनीत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा दुर्गेशदीप, तहसीलदारशैल कुमारी, नायब तहसीलदार रजनीश श्रीवास्तव व अरविंद कुमार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी रामजी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एलडीएम, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय, धाता अधिशासी अधिकारी रवेंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय, कृषि अधिकारी देवेंद्र मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक हरीश रावत, खागा कोतवाल प्रभारी संजय पांडेय, घोष थानाध्यक्ष तेज बहादुर सिंह, हथगांम थानाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, किशनपुर थानाध्यक्ष योगेश सिंह, धाता थानाध्यक्ष सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## किसानों ने खाद की समस्या को लेकर दिया धरना



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह के नेतृत्व में विकास भवन परिसर में खाद की किल्लत को लेकर धरना दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राम दत्त मिश्र प्रदेश महासचिव/प्रदेश प्रभारी मौजूद रहे। प्रदेश महासचिव ने बताया कि अधिकारियों ने कहा था डी,ए,पी यूरिया का एलाटमेंट लेटर सभी समितियों का बन गया है जैसे जैसे समितियों से आर,टीजी,एस आता रहेगा, खाद का स्टाक पर्याप्त है खाद पहुंचना शुरू हो जाएगी।तथा एक हेक्टेयर में 7बोरी यूरिया 5बोरी डी,ए,पी एक फसल में ले सकते हैं। इस दौरान रामदत्त मिश्रा ने कहा कि अधिकारियों से बात होने के बाद भी किसानों को एक-एक बोरी खाद लेने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। लिहाजा मजबूरन इस समय किसानों के पास समय न होने के बावजूद भी किसान धरना देने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा जब तक किसानों के खाद की समस्या दूर नहीं होगी उनका धरना चलता रहेगा। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल सचिव मन्नीलाल, जिला संरक्षक राजू सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम आसरे यादव, जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश पटेल, रिंकी जायसवाल, महिला जिला अध्यक्ष, केशन पांडेय, बिजय सिंह चौहान, बिजय सिंह चौहान सिठौरा, मुशीर अहमद, विवेक शुक्ला, मोहम्मद रजा खान, करन सिंह पटेल, फिरोज खान, राम चंद्र सिंह, सुधीर साहू सहित तमाम अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने तालाब के पुनर्जीवन एवं खोदाई कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

- मिशन-300 अभियान के तहत 240 तालाबों के पुनर्जीवन का कार्य प्रगति पर
- जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए
- तालाब के चारों ओर व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराने के दिए निर्देश

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जल संरक्षण एवं तालाबों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित मिशन-300 अभियान के अंतर्गत सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने विकास खंड ऐरायां के ग्राम पंचायत बुधवन में मिशन 300 के तहत तालाब के पुनर्जीवन एवं खोदाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब की और अधिक गहराई तक खोदाई कराई जाए, जिससे अधिक मात्रा में वर्षा जल का संचयन हो सके। उन्होंने तालाब के चारों ओर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल स्रोतों का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और पशु, पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता हो सके। उन्होंने कहा कि जनपद में मिशन-300 अभियान के अंतर्गत 240 तालाबों पर पुनर्जीवन एवं खुदाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इन कार्यों से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा भारत सरकार के कैच द रेन अभियान के उद्देश्यों को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित होने से भूजल स्तर में सुधार होगा और किसानों सहित आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के दो अन्य तालाबों के पुनर्जीवन की मांग किया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों में यदि अतिक्रमण है तो अतिक्रमणमुक्त कराते हुए पुनजीर्वित की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाए, जिससे गांव में जल संरक्षण की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। जनपद में जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा प्रत्येक तालाब को स्थानीय जनसहभागिता से संरक्षित एवं उपयोगी बनाया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा, नायब तहसीलदार, डीसी जीरामजी, राजस्व निरीक्षक, राजस्व लेखपाल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करें: डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में 115 शिकायतों में से 15 का मौके पर किया गया निस्तारण



तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया।इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## हत्या की घटना का सफल अनावरण, पुलिस ने घटना में संलिप्त 3 बालकों को संरक्षण में लिया

- मृतक के पुत्र ने तहरीर देकर लगाया था अज्ञात पर हत्या कर शव फेकने का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत एक अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार शव की शिनाख्त हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। मृतक की पहचान ओमप्रकाश निवासी मुहल्ला फतेहपुर बजरिया, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा के रूप में हुई। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र प्रेम सिंह परिहार द्वारा तहरीर देकर बताया गया कि उनके पिता घर से ई-रिक्शा लेकर निकले थे, जिनका शव शाहपहाड़ी नहर पुलिया के पास खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला। वादी द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या कर शव फेंक देने का आरोप लगाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 278/2026 धारा 103(1)/238 बीएनएस बनाम अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा घटित घटना का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर मनीष पांडेय के नेतृत्व में घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम ने घटना से संबंधित साक्ष्य संकलित करते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए उक्त हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 3 नफर विधि से संघर्षरत बालकों को संरक्षण में लिया गया है। बताया है कि पूछताछ में सभी ने घटना कारित करना स्वीकार किया है साथ ही बताया कि किराये को लेकर विवाद हुआ था, जिससे फिर हाथापाई हुयी, जिसमें मृतक को गंभीर रुप से घायल कर दिया, जिसके उपरान्त सभी वहां से फरार हो गये थे, पुलिस टीम द्वारा विधि से संघर्षरत बालकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। नियमानुसार उन्हें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं 26 शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण

**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील माधौगढ़ में शनिवार को स्थगित किए गए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को तहसील सभागार में किया गया। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व, भूमि विवाद, सड़क, विद्युत, पेयजल, पेंशन तथा अन्य विभागों से जुड़े मामले शामिल रहे। इनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। तहसीलदार का प्रभार संभाल रहे भुवनेंद्र सिंह ने भी फरियादियों की समस्या सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से किया जाए। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी विभाग शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें।

## बिना जांच के किसी भी शिकायत का निस्तारण न दर्शाया जाए: डीएम

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- संपूर्ण समाधान दिवस में 222 शिकायतों में 27 का मौके पर निस्तारण



जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आज कोंच तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की 222 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर पालिका, विकास, समाज कल्याण, पूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जा, बिजली, पेयजल, सड़क, सफाई एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई की। उमरी निवासी मीना देवी ने अमलदरामद कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना जांच के किसी भी शिकायत का निस्तारण न दर्शाया जाए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएन प्रसाद, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पुवायां शाहजहाँपुर

पत्रांकः-सी-310/आंकिक/क्षे.पं./2026-27 — दिनांक-04.07.2026

## अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति

एतद् द्वारा समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त आयोग / केन्द्रीयं वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सीलबन्द निविदायें प्रकाशन की तिथि दिनांक 04.07.2026 से दिनांक 18.07.2026 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यलय के सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 20.07.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के स्तर से गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड पुवायां से क्रय किये जा सकते है साथ ही प्रत्येक निर्माण कार्य हेतु पृथक-पृथक 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफडीआर / एनएससी जमा करनी होगी। निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम स्थल सहित<br>पंचम रा.वि./पन्द्रहवां वित्त आयोग-अनटाइड एवं टाइड फंड के अन्तर्गत<br>प्रस्तावित कार्य | कार्य की माप | कार्य की प्राकलित धनराशि (लाख रू. में) | अर्नेस्ट मनी की धनराशि 2% | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | विकास खण्ड परिसर में निर्मित डवाकरा भवन की मरम्मत एवं पी.वी.सी. पैनल कार्य, विद्युत कार्य। | 1 नग | 999700 | 19994 | 1000 | 3 माह |
| 02. | जसवन्तपुर के राजस्व ग्राम झरसा में नरवीर के मकान से सतीश के मकान तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य। | 163 मी0 | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 03. | नाहिल रोड पर धरमंगदपुर जसी में हरिबर्तन के मकान से अनूप के घर तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य। | 80 मी0 | 999900 | 19998 | 1000 | 3 माह |
| 04. | ग्राम दियूरिया में पकडिया मेन रोड बाग से त्रिलोचन सिंह, गुरूमेल सिंह के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य। | 155 मी0 | 950000 | 19000 | 1000 | 3 माह |
| 05. | ग्राम सतवां बुजुर्ग में महावीर सिंह के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 271 मी0 | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 06. | ग्राम मजीदपुर में पंचायत घर से हरीराम कोल्ड स्टोर तक नाला निर्माण कार्य। | 271 मी0 | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 07. | ग्राम डूंडा में राम प्रताप के घर से गौहनिया तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 271 मी0 | 999000 | 19980 | 1000 | 3 माह |
| 08. | ग्राम अगौना बुजुर्ग में सोहन्ना तालाब पर सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 1 नग | 813000 | 16260 | 1000 | 3 माह |
| 09. | ग्राम सकरापुर में मस्जिद के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 10. | ग्राम करनापुर में मस्जिद के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 11. | ग्राम बिलन्दापुर में शिव मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 12. | ग्राम टेहरी ढुकुरी में कल्याणी मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 13. | ग्राम गुधनी में रामकृपाल के घर के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 14. | फत्तेपुर बुजुर्ग के के राजस्व ग्राम जंगलपुर में गुरूद्वारा के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 15. | ग्राम जुझारपुर में ओमदुर्गा शक्तिपीठ के पास प्याऊ निर्माण कार्य। | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |
| 16. | ग्राम सरैया में देवस्थान के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 300000 | 6000 | 500 | 3 माह |

**शर्ते-**

1. कार्य के लिए निर्धारित 2 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ एफडीआर/ एनएससी के रूप में खण्ड विकास अधिकारी पुवायां के पदनाम बंधक कराना तथा 8 प्रतिशत जमानत धनराशि कार्य आदेश प्राप्त करते समय/भुगतान के समय एफडीआर/एनएससी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. सर्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उक्त खनिजों का भुगतान सुनिश्चित किये जाने वाले विषयक भू तत्व एवं खनिकर्म के शासनादेशानुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3. कार्य से सम्बन्धित विवरण/निविदा फार्म, शर्ते/नोटिस बोर्ड एवं सम्बन्धित पटल पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
4. किसी भी वाद विवाद के लिए न्याय क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पुवायां, शाहजहांपुर**

# सारंग-हुंडलियाँ और काव्य मंजरी का हुआ लोकार्पण

## कवि अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के साथ इतिहास और वर्तमान को एक नई दृष्टि देता है: डॉ. ब्रज किशोर पाण्डेय

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** कमला नारायण ट्रस्ट द्वारा लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर स्थित लोटस ग्रीन्स बैंक्वेट हाल में आयोजित काव्य कार्यशाला में साझा काव्य संग्रह काव्य मंजरी तथा प्रदीप सारंग रचित सारंग-हुंडलियाँ का लोकार्पण मुख्य अतिथि डॉ राम बहादुर मिश्र द्वारा तथा पं राम किशोर तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राम बहादुर मिश्रा ने कहा कि पूर्वज साहित्यकार अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य की तरह प्रदीप सारंग के प्रयोग साहित्य व साहित्यिक विरासत को समृध्द कर रहे हैं। डॉ मिश्र ने काव्य सृजन को सामाजिक परिमार्जन का माध्यम बताया। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्य-मनीषी डॉ ब्रज किशोर पाण्डेय ने कहा कि कवि को नश्वर विषयों के बजाय वैदिक परम्परा को प्राथमिकता देनी चाहिए। काव्य कर्म स्वयं एक साधना है। विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम सुंदर दीक्षित ने कहा कि पूर्वज अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य अध्यापक थे और एक तपस्वी की तरह जीवन यापन किया। अपने पिता दर्शन लाल शशि की रचना धर्मिता को आगे बढ़ाते हुए साहित्य को समृद्ध किया। काव्य-कार्यशाला आयोजन समिति के अध्यक्ष व कमला नारायण ट्रस्ट के सचिव प्रदीप सारंग ने अपनी लोकार्पित कृति सारंग-हुंडलियाँ पर चर्चा करते हुए कहा कि यह नवाचार है कि 30 दोहे तुलसी दास, 30 दोहे कबीरदास, 70 दोहे रहीमदास को आधार बनाकर दो दो रोला रचकर हुंडलियाँ रची हैं। काव्य कार्यशाला में संरक्षक डॉ अम्बरीष अम्बर, अजय प्रधान, राज कुमार सोनी, सुरेश बहादुर सिंह कौशिक व आदर्श गुलसिया की उपस्थिति में चार दर्जन रचनाकारों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। कवि नागेन्द्र सिंह ने अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य के कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और प्रकाशन सचिव व कार्यकारी संपादक डॉ कुमार पुष्पेंद्र ने काव्य-मंजरी के संपादन प्रकाशन पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्वज साहित्यकार अयोध्या प्रसाद दीक्षित शिष्य की पत्नी विमला देवी का विशेष सम्मान किया गया। आरम्भ में महासचिव प्रदीप महाजन ने स्वागत और अंत में कमला नारायण ट्रस्ट अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा सहारा ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया।




# 787 लाख 64 हजार के पुल व 165 लाख 89 हजार की वृहद गौशाला का शिलान्यास

▸ दो दशक पुरानी मांग होगी पूरी

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर कोयलहा गांव में सोमवार को खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने करीब 9 करोड़ रुपये की दो विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें कल्याणी नदी पर लगभग 787 लाख 64 हजार रुपये की लागत से बनने वाला लघु सेतु पुल और 165 लाख ,89 हजार रुपये की लागत से बनने वाली बृहद गौशाला शामिल है।

राज्य मंत्री ने कहा कि कल्याणी नदी पर पुल बनने से पतुलकी, कुड़वासा, कोटवा, सुल्तानपुर, महदीपुर, नगरा और घुसवल समेत दर्जनों गांवों के लोगों का तहसील मुख्यालय तक आवागमन सुगम होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से पुल निर्माण की मांग कर रहे थे, जिसे अब स्वीकृति मिलने के बाद धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। दरियाबाद विधानसभा में वर्षों से लंबित परियोजनाओं को पूरा कराया जा रहा है और विकास की गति आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कुंवरपुर में कल्याणी नदी पर एक अन्य पुल के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की जानकारी देते हुए जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई। नगर पंचायत रामसनेहीघाट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शाहपुर कोयलहा में बनने वाली बृहद गौशाला से निराश्रित गोवंश के संरक्षण और रखरखाव की बेहतर व्यवस्था होगी। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव की ओर से किया गया।




## हिन्दू सनातन दल के कार्यकर्ता व प्रधान के बीच गौशाला को लेकर हुई कहासुनी के बाद हुआ समझौता

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** एक पखवाड़ा पूर्व रात के अंधेरे में गौ आश्रय स्थल करपिया का निरीक्षण करने पहुंचे गौ रक्षा एव हिंदू सनातन दल के कार्यकर्ताओं एव ग्राम प्रधान के बीच मोबाइल पर हुई नोकझोक के बाद दोनों ओर से हुई सोशल मीडियाबाजी एव ग्राम प्रधान द्वारा दी गई तहरीर के बाद आज दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया हैं। बताते चले कि गत 26 जून की रात्रि करीब 9 बजे गौ रक्षा हिंदू सनातन दल के कार्यकर्ता बताते हुए आदर्श शुक्ला निवासी डडियामऊ थाना मसौली अपने कई अन्य साथियों के साथ गौ आश्रय स्थल करपिया में घुसने की कोशिश की केयर टेकरो द्वारा ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा से बात करने पर हुए विवाद का दोनों पक्षों द्वारा सोशल मीडिया पर डाला गया।

# बरगद की भारी भरकम डाल बिजली के तार पर गिरी, चपेट में आये बुजुर्ग की मौत

**समृद्धि न्यूज़, जैदपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के तकिया चौराहा पर दर्दनाक हादसा हो गया।एक बरगद की भारी डाल और बिजली का तार गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई।बुजुर्ग की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 6 बजे एक दर्दनाक हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई।कोला गांव निवासी सत्य नारायण शुक्ला अपने किसी निजी कार्य से साइकिल पर तकिया चौराहे आए थे। बताया जा रहा है कि उन्होने सड़क किनारे साइकिल खड़ी कर एक होटल पर चाय पी।चाय पीने के बाद जैसे ही वह बरगद के पेड़ के नीचे खड़ी अपनी साइकिल लेने पहुंचे तभी अचानक बरगद की भारी डाल टूटकर बिजली के तार के साथ उनके सिर पर आ गिरी। हादसे में सत्य नारायण शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल बाराबंकी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बेटों का परिवार छोड़ गए हैं।इनमें एक बेटे की शादी हो चुकी है।हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## तहसील सभागार में सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटाने के लिए कतार में लगे फरियादी

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सोमवार को तहसील सभागार में कोई अवैध निर्माण रुकवाने तो कोई सार्वजनिक रास्ते से कब्जा हटवाने की फरियाद लिए कतार में खड़ा था। किसी को विद्यालय की अनियमितता परेशान कर रही थी तो कोई जले ट्रांसफार्मर के कारण अंधेरे से निजात चाहता था। एसडीएम अनुराग सिंह के सामने एक-एक कर 72 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही तलब कर जवाब मांगा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम अनुराग सिंह की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में सुबह से ही फरियादियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कुशभर गांव के रामशंकर यादव ने गांव में एक व्यक्ति द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण को रुकवाने की मांग की।

# शान्तिपुरम सेवा समिति ने साहित्य, संस्कृति व समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले मनीषियों का किया सम्मान



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** शान्तिपुरम सेवा समिति की एक गरिमामयी सभा का आयोजन समिति के संस्थापक संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव के शान्तिपुरम स्थित आवास पर सुरेश चन्द्र बैसवार की अध्यक्षता एवं डॉ. नन्हे सिंह (प्राचार्य) के सफल संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ ओज कवि पंडित अरविन्द मिश्र 'अरविन्द' के मंगलाचरण एवं भगवान भोलेनाथ की स्तुति से हुआ। प्रारम्भिक प्रस्तुति में व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने अपनी काव्य रचना के माध्यम से भगवान भोलेनाथ को नमन किया। संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति का स्वभाव और आचरण ही उसे दूसरों के निकट लाता है। जब भावुकता और आत्मीयता का भाव उत्पन्न होता है, तभी सच्चे संबंधों का निर्माण होता है, जिनका आधार शर्तें नहीं बल्कि आपसी समझ और विश्वास होता है। कार्यक्रम में नींबू लाल गुप्ता द्वारा प्रस्तुत भजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्राचार्य सत्रोहन लाल वर्मा ने प्रेरणादायी विचार रखे, जबकि दिनेश सिंह ने अपने गीतों से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। ओज कवि दीपक दिवाकर ने भगवान श्रीराम की आराधना पर आधारित भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया तथा राधेश दीक्षित ने भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित छंदों का प्रभावशाली पाठ किया। के.के. शर्मा ने पेंशन गीत प्रस्तुत कर सभी पेंशनरों को भाव-विभोर कर दिया। उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद वर्मा ने भावपूर्ण अभिव्यक्ति प्रस्तुत की तथा वरिष्ठ संरक्षक रामचंद्र वर्मा ने छंद एवं मुक्तकों का पाठ किया। इस अवसर पर समिति द्वारा वरिष्ठ संरक्षक रामचंद्र वर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंगवस्त्र एवं रामचरितमानस भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पिकप व ई-रिक्शा की टक्कर में मजदूर की मौत, साथी मजदूर घायल

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक पिकअप और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई,जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गौरासैलक निवासी मोहम्मद शमी 45 अपने गांव के रहीम 30 के साथ रविवार रात ई-रिक्शा से पैंतेपुर महमूदाबाद की ओर जा रहा था। लहसी पैंतेपुर मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद शमी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया,लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई।



रहीम का इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में


### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार को देर रात जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में यातायात निदेशालय उ.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत स्थित टोल प्लाजा गौरीगंज पर प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा गौरीगंज टोल प्लाजा पर सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए ट्रक चालकों, भारी वाणिज्यिक वाहनों, प्राइवेट स्लीपर बसों, ईको कैब वैन तथा अन्य वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई। चेकिंग के समय ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।

### बारिश आते ही मोहल्ले वासियों की बढ़ी चिंताएं

#### कई वर्षों से जल भराव की समस्या झेल रहे आदर्श नगर मोहल्ला वासी

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कस्बे के आदर्श नगर मोहल्ला वासियों की चिंताएं एक बार फिर बढ़नी शुरू हो गई हैं। मोहल्लेवासी पिछले कई वर्षों से जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बरसात का मौसम आते ही मोहल्ले के रेलवे लाइन के किनारे स्थित तालाब तथा घरों से निकलने वाला गंदा पानी तालाब के भर जाने के बाद मोहल्ले की गलियों में बहने लगता है। इससे गलियां जलमग्न और कीचड़युक्त हो जाती हैं । रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन के किनारे सड़क का निर्माण कराए जाने के बाद से जल भराव की समस्या और बड़ी हो गई ऐसी स्थिति में मोहल्ले के लोगों ने स्वयं के खर्च से मिट्टी डलवा कर आने-जाने का रास्ता बनाया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जल भराव की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक शिकायत की गई लेकिन उसके बाद भी अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सका है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश होते ही मोहल्ले की सड़कें और गलियां पानी से लबालब भर जाती हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कई दिनों तक पानी जमा रहता है, जिससे वर्षों पुराने बने मकानों की नींव कमजोर हो रही है जिससे घरों के धराशाई होने और बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। वही संक्रमित बीमारियों का खतरा बना रहता है। और रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



# चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। तहसील अमेठी में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया।

## सद्बुद्धि यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज 7 जुलाई को आयोजित होने वाली 'सद्बुद्धि पदयात्रा' की तैयारियों को लेकर सोमवार को गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक एवं तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सद्बुद्धि पदयात्रा केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टॉप, गौरीगंज कोतवाली, जी.जी.आई.सी .स्कूल, चौक बाजार, डाकघर, फल मंडी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, स्टेशन तिराहा एवं हनुमान तिराहा होते हुए पुनः केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न होगी।

# कर्ज में डूबे व्यवसाई ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या



▸ शहर के व्यापारिक संगठनों में भी इस घटना को लेकर गहरा दुख देखने को मिला

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** जनपद के बड़े मिठाई करोबारी के रूप में पहचाने जाने वाले कृष्णा स्वीट्स भंडार के मालिक ने सोमवार की सुबह बनवा रेलवे क्रासिंग के निकट फरक्का एक्सप्रेस के सामने कूद कर जान दे दी।बताया जा रहा है कि मृतक कर्ज में डूबा होने के कारण जान गंवाई है। सूचना पर पहुंची जहांगीराबाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की सुबह जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के बनवा रेलवे क्रासिंग के निकट उस समय सनसनी फैल गई जब बाराबंकी से अयोध्या की ओर जा रही फरक्का एक्सप्रेस के सामने एक 40 वर्षीय युवक ने पटरी के किनारे बाइक खड़ी कर ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 300 मीटर तक घिसटता चला गया शव, हुए कई टुकड़े

घटनास्थल से यूपी-41 एवाई-2426 नंबर की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में यह बाइक हिमांशु रस्तोगी पुत्र दिनेशचंद्र रस्तोगी के नाम पर रजिस्टर पाई गई। शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस को कड़ी मशक्कत के बाद पता चला कि मृतक शहर के प्रतिष्ठित कृष्णा स्वीट्स व्यापारी अनूप गुप्ता है जो सुबह अपने 9 वर्षीय बेटे मनन को स्कूल छोड़ने के लिए अपने मित्र की बाइक को मांग कर ले गया था। स्कूल छोड़ने के बाद वह घर नहीं लौटे।करीब सुबह साढ़े नौ बजे बनवा रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन संख्या 15744 फरक्का एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।रेलवे क्रॉसिंग के गेटमैन धर्मेंद्र और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक मोटरसाइकिल से क्रॉसिंग पर पहुंचा। उसने बाइक किनारे खड़ी की और ट्रेन आने से पहले पटरी के पास जाकर खड़ा हो गया।फरक्का एक्सप्रेस के पहुंचते ही वह ट्रेन की चपेट में आ गया।ट्रेन तेज रफ्तार में थी इसलिए युवक 300 मीटर तक घिसटता चला गया और शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए।

# मिशन शक्तिः फेज-5.0 के तहत बहू-बेटी सम्मेलन व चौपाल का आयोजन

▸ महिलाओं को किया गया जागरूक

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार दिनांक 05 जुलाई 2026 को 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना लालगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम खजूरगांव एवं उत्तरागौरी में बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सहायता से संबंधित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112, 1076, 102, 1930, 101 एवं 1098 की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि 1090 महिला हेल्पलाइन पर शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है, जिससे महिलाएं बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसके अलावा महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं मातृशक्ति वंदन योजना की जानकारी प्रदान की गई। चौपाल के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर संबंधित हल्का प्रभारी, बीट आरक्षी, ग्राम प्रधान, आशा बहू, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना लालगंज की मिशन शक्ति टीम की महिला उपनिरीक्षक श्रीमती अर्चना यादव, महिला हेड कांस्टेबल नीलम कटियार, महिला कांस्टेबल पूजा कुमारी, महिला कांस्टेबल शालिनी कुशवाहा, आरक्षी महिला कांस्टेबल प्रिया एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका पाल ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को लेकर चलाया गया यह जागरूकता अभियान क्षेत्र में काफी प्रभावी एवं सराहनीय रहा।



## ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पल्सर मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्त विपिन पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रंगवा मजरे मटियारी थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व अमन पुत्र पांचू निवासी पूरे जबर मजरे अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया है। पल्सर मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके। पुलिस तलाशी में विपिन के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व अभियुक्त अमन के कब्जे से एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीतापुर की सातों तहसीलों में लगा संपूर्ण समाधान दिवस

▸ 504 शिकायतें पहुंचीं 58 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनकर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील मिश्रिख में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता विधायक रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



आंकड़ों के अनुसार तहसील मिश्रिख में 192 शिकायतों में से 17 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं सदर तहसील में 54 में से 6, महोली में 52 में से 4, लहरपुर में 38 में से 8, महमूदाबाद में 45 में से 5, सिधौली में 90 में से 12 तथा बिसवां में 33 में से 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया।

## मिशन शक्ति के तहत बहु-बेटी सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा दिए गए निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत बहु-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न गांवो में जाकर बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में व 1930-साइबर हेल्पलाइन, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। टीम द्वारा चर्चा के दौरान गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसे विषयों पर भी विस्तृत रूप से वार्ता की गई।



# अचलपुर पहुंचीं स्मृति ईरानी स्व. दादा तेजभान सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दादा तेजभान सिंह के निज निवास विकास खण्ड जामों स्थित अचलपुर गांव पहुंचीं। जहां उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता दादा तेजभान सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। मीडिया से बातचीत के दौरान स्मृति ईरानी दादा तेजभान सिंह को याद कर भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि दादा तेजभान सिंह अमेठी में भाजपा के आधार स्तंभ थे। उनके संघर्ष, समर्पण और संगठन को मजबूत करने में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दादा तेजभान सिंह हमेशा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अचलपुर गांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।



# गोशालाओं में लापरवाही पाये जाने पर डीएम ने जतायी नाराजगी



कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

- गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी
- बाढ़ से पहले भूसा, चारा और पेयजल की व्यवस्था पूरी करने के दिए निर्देश

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गोशालाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल आदेश जारी करने से काम नहीं चलेगा। गोशालाओं की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्य कराएं। गोवंशों की देखभाल में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को बंद किए गए 37 गो-आश्रय स्थलों की परिसंपत्तियों का एक सप्ताह के भीतर पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने और संचालित गोशालाओं के सीसीटीवी कैमरों को जल्द कंट्रोल कमांड सेंटर से जोड़ने को कहा।

उन्होंने संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी गोशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, पेयजल और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि भूसे की कमी या अव्यवस्था मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, फैमिली आईडी, जीरो पॉवर्टी अभियान और अन्नपूर्णा भवन की भी समीक्षा की गई।

डीएम ने फीकल स्लज मैनेजमेंट के लिए भूमि चिन्हांकन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्यों के निरीक्षण और मनरेगा पार्क, अमृत सरोवर व गोशालाओं में व्यापक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शिकायतों के निस्तारण में न बरतें औपचारिकता



कन्नौज। सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 187 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों को आम, अमरूद एवं अन्य उपयोगी पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश दिया। उन्होंने किसानों से पौधों की देखभाल करने और उन्हें विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्र, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजिलाधिकारी सदर नवनीत राय, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर सामान्य ज्ञान व राजभाषा क्विज प्रतियोगिता आयोजित

- विजेताओं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित
- युवाओं से माय भारत पोर्टल से जुड़ने का आह्वान



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर सोमवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत) की ओर से राजकीय पुरातत्व संग्रहालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं नराकास सदस्य बैंकों व कार्यालयों के बीच राजभाषा सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी, संग्रहालयाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं नराकास अध्यक्ष राजनीत सिंह तथा शिक्षक प्रवीण सचान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान और युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संजय सैनी प्रथम, हर्ष प्रताप सिंह द्वितीय और अनमोल तृतीय रहे। वहीं राजभाषा क्विज में अवनीश कुमार प्रथम, देवेंद्र कुमार कन्नौजिया द्वितीय और कीर्ति कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# छिबरामऊ से था तीजन बाई का गहरा नाता

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पद्मविभूषण तीजन बाई ने 5 जुलाई को इस नश्वर संसार से अलविदा कह दिया। वे 69 वर्ष की थीं तथा रायपुर एम्स में उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। जे.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक तथा स्पिक मैके के रीजनल कोऑर्डिनेटर हिमांशु सक्सेना ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा वर्ष 2005 में पंडवानी शैली की इस अद्भुत गायिका का प्रथम बार नगर में आगमन हुआ था। उस समय स्पिक मैके के तत्कालीन वाइस प्रेसिडेंट स्व. सुप्रभाष चंद्र सक्सेना के अथक प्रयासों से बच्चों के बीच इस महान कला का प्रदर्शन आवास विकास कॉलोनी के तरंग रंगमंच पर किया गया। अगले दिन विदा लेते समय स्व. शीतला देवी सक्सेना द्वारा उनको बेटी मानते हुए तिलक किया गया जिसकी वजह से तीजन बाई भावविह्वल हो उठीं तथा उसी दिन से उन्होंने स्व. सुप्रभाष सक्सेना जी के साथ भाई-बहन का रिश्ता निभाते हुए प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन पर राखी भेजी। तत्कालीन जिलाधिकारी रविकांत भटनागर द्वारा भी उनका विशेष सम्मान किया गया तथा उनके विशेष अनुरोध पर इस अद्भुत गायन कला का प्रदर्शन कन्नौज में भी किया गया था। तत्पश्चात उनका आगमन वर्ष 2010 में पुनः हुआ। कार्यक्रम के दौरान एक कीड़ा उनकी आंख में प्रवेश कर गया जिसकी वजह से वह दर्द से कराह उठीं तथा कार्यक्रम को बीच में ही बंद करना पड़ा। वे दोनों बार नगर में स्व. सुप्रभाष चंद्र सक्सेना जी के आतिथ्य में उनके निवास पर ही रुकीं थीं। उन्हें ठेसा तथा मक्के की रोटी बहुत भाती थी। ज्ञातव्य हो कि महाभारत की कथाओं तथा कहानियों को अपने अद्भुत गायन के ढंग से पांडवानी कला का विकास हुआ। यह पांडवानी शैली के गायन की विश्व की एकमात्र गायिका थीं। इनको वर्ष 1988 में पद्मश्री, वर्ष 2003 में पद्म भूषण तथा वर्ष 2019 में पद्म विभूषण से नवाजा गया।

# कांग्रेस जिला महासचिव ओपी तिवारी का निधन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर के वरिष्ठ कांग्रेस जिला महासचिव ओपी तिवारी (मतौली वाले) का हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया। जिलाध्यक्ष मो. शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने पार्टी का झंडा ओढ़ाकर और पुष्प भेंट कर खिराजे अक़ीदत पेड़ की। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे पप्पू, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट हरिशंकर मिश्रा, जिला महासचिव अमोल दीक्षित,जिला महासचिव प्रियंका दुबे, अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे, आमिर अंसारी एडवोकेट, आमिर खान, हाकिम रब्बी, सेवादल के प्रदेश मसचिव देवकीनंदन दुबे, आशाराम यादव, राजीव कुमार यादव, राजीव अग्निहोत्री, रामू अग्निहोत्री, प्रवल प्रताप, राजकुमार यादव, अवनीश कुमार, सलमान खान , मो. आसिफ खान, राजू खान, चंद्रभान, अमर मंडी त्रिपाठी, आदि अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बोधि-पथ साप्ताहिक कार्यशाला का समापन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग) उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रीष्मकालीन बोधि -पथ साप्ताहिक कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण में बौद्ध दृष्टिकोण विषय पर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में साप्ताहिक बोधि- पथ कार्यशाला संपन्न करायी गयी बोधि-पथ कार्यशाला का उद्देश्य बौद्ध संस्कृति शिक्षा एवं पाली भाषा का संरक्षण- संवर्धन एवं प्रचार- प्रसार करना एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप मानव तथा प्रकृति के मध्य संतुलित एवं संवेदनशील संबंध स्थापित करना है साथ ही बौद्ध विधाओं का राष्ट्रीय परिपेक्ष में अध्ययन, बौद्ध तीर्थ स्थलों एवं सांस्कृतिक धरोहरों के महत्व ,मानवीय मूल्यों तथा कला अवशेषों के संरक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम जनपद मैनपुरी के नगला दिनू, सरसई नावर किशनी में संयोजक शिव प्रताप सिंह शाक्य एडवोकेट के संयोजन में संपन्न हुआ। वरिष्ठ कवि व पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि ने बोधि- पथ कार्यशाला के लिए निबंध तथा बौद्ध पर्यावरण से संबंधित कई गीत प्रस्तुत किये। उन्होंने लोगों को बौद्ध संस्कृति एवं पाली भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक ने कवि हरिगोविंद शाक्य को फूल माला, पंचशील पट्टिकाओं, प्रमाण पत्र ,मोमेंटो, अंग वस्त्र एवं बुद्ध धम्म से संबंधित पुस्तक देकर सम्मानित किया द्य इस अवसर पर बांकेलाल बौद्ध ने भगवान बुद्ध की कथा भी की। एक सप्ताह तक चलने वाली बोधि-पथ कार्यशाला में बच्चों सहित कई लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक हरीराम शाक्य, गौतम, दिनेश चंद, अजब सिंह,अश्विनी शाक्य, उदल सिंह, सोनू, नरेंद्र सिंह, अभय शाक्य, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबरें एक नजर में

### हाइब्रिड ड्रायर से आलू सहित हरी सब्जियों की मिलेगी अच्छी कीमत, बढ़ेगी किसानों की आय: एसपी सिंह




कन्नौज, समृद्धि न्यूज। आलू उत्पादक किसानों को कम दाम और फसल खराब होने की समस्या से राहत दिलाने के लिए जिले के प्रगतिशील किसान एसपी सिंह ने आधुनिक हाइब्रिड ड्रायर तैयार किया है। एसपी सिंह ने बताया कि ड्रायर में पॉलीकार्बोनेट शीट का उपयोग किया गया है, जिससे इसके भीतर का तापमान सामान्य से करीब 20 प्रतिशत अधिक बना रहता है। वहीं एग्जॉस्ट सिस्टम लगातार नमी बाहर निकालता है, जिससे उत्पाद बेहतर गुणवत्ता के साथ सूखते हैं। यह हाइब्रिड ड्रायर सौर ऊर्जा, बिजली और प्राकृतिक धूप तीनों से संचालित होता है तथा पारंपरिक ड्रायर की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत तक बिजली की बचत करता है। इसी तरह हरी सब्जियों को भी सुखाकर रखा जा सकता है। एसपी सिंह ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत ऐसी इकाई स्थापित करने पर 35 प्रतिशत तक अनुदान मिलता है। साथ ही 10 लाख रुपये तक के ऋण पर गारंटी की आवश्यकता नहीं होती और समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज में भी रियायत मिलती है। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटिहार ने बताया कि इस तरह के नवाचार अपनाने वाले किसानों को विभाग और सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि किसान आधुनिक तकनीक से जुड़कर अपनी आय बढ़ा सकें और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिल सके।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 151 शिकायतों में 14 का निस्तारण



छिबरामऊ, कन्नौज। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 151 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी ने की। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित की गईं, जिन्हें मौके पर भेजा गया, जिसमें सिर्फ राजस्व विभाग की 13 तथा चकबंदी की 1 सहित 14 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करा दिया गया। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए। इस आयोजन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।

# संतुलित खाद अपनाएं, धरती मां को बचाएं

- मिट्टी परीक्षण की सुविधा कृभको द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है
- 88 किसानों ने लिया भाग

गुरसहायगंज कन्नौज,समृद्धि न्यूज।




कृभको द्वारा आज सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के 5 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पीएमकेएसके कृष्ण एग्रीजंक्शन, तालग्राम में एक भव्य किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान रामबरन पाल उपस्थित रहे। प्रगतिशील किसान रिंकू सिंह एवं बलबीर सिंह, कृभको कन्नौज के क्षेत्र प्रबंधक सर्वजीत सिंह तथा कृष्ण एग्रीजंक्शन कृषि सेवा केंद्र, तालग्राम के संचालक आशीष कुमार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। सभा में क्षेत्र के लगभग 88 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सुनाया गया, जिसके माध्यम से किसानों को सहकार से समृद्धि के 5 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। शुरुआत में सभी प्रतिभागियों को कृभको के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृभको प्रतिनिधि ने किसानों को कृभको सिटी कम्पोस्ट, कृभको सिवारिका, कृभको राइजोसुपर, कृभको एफओएम, प्राकृतिक पोटाश, कृभको जिंक एवं कृभको बीज जैसे उत्पादों के लाभ, प्रयोग विधि तथा सावधानियों के बारे में बताया। किसानों को सलाह दी गई कि वे कम से कम 3 वर्ष में एक बार अपने खेतों की मिट्टी की जांच अवश्य कराएं। मिट्टी परीक्षण की सुविधा कृभको द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही करें। इससे उत्पादन लागत कम होगी और मिट्टी प्रदूषित होने से बचेगी। इसी उद्देश्य से भारत सरकार का संतुलित खाद अपनाएं, धरती मां को बचाएं अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया गया और वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया गया।

## शिविर में 40 नेत्र रोगियों की हुई जांच



छिबरामऊ, कन्नौज। सुखराम सिंह कुसुम लता इंटर कॉलेज कुंवरपुर करनौली में आयोजित शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने शिविर में 46 रोगियों की जांच की। जांच के दौरान इसमें से 08 लोगों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया गया, जिसमें से दो लोगों को मोतियाबिंद इलाज के लिए कानपुर भेजा गया। जो लोग उच्च रक्त चाप, मधुमेह से ग्रसित पाए गए उनको दवाइयों का सेवन करके स्थिति सामान होने तक आपरेशन ना कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक कुलदीप यादव ने कहा आंख व्यक्ति के लिए अनमोल पूंजी है, जिससे वह पूरी दुनिया देख सकता है अतः आंखों के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर इसका परीक्षण कराते रहना चाहिए। शंकरा मित्र देव कुमार यादव ने कहा शरीर के अन्य अंगों की तरह आंखो का ख्याल रखना भी अति महत्वपूर्ण है, इसलिए अपनी आंखों की जांच समय-समय पर करवाते रहना चाहिए। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्य यतेंद्र सिंह यादव, प्रबंधक उप प्रधानाचार्य देवनरायन यादव, अमन यादव, प्रांशु, विपुल राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## माँ प्रकाश देवी कोल्ड स्टोरेज में सपा की मासिक बैठक

- जिलाध्यक्ष कलीम खान करेंगे अध्यक्षता

गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण मासिक बैठक 7 जुलाई, दिन मंगलवार, सुबह 10 बजे माँ प्रकाश देवी कोल्ड स्टोरेज, सरायप्रयाग में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कलीम खान* करेंगे। इस बैठक में छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर मेहनत करना सबसे जरूरी है। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ और सेक्टर में जनता के बीच जाएं, सरकार की जनविरोधी



नीतियों को बताएं और पार्टी की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। यह बैठक चुनावी तैयारियों की समीक्षा और आगे की रणनीति तय करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ता समय से बैठक में पहुंचकर अपने सुझाव दें। बैठक में सभी बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, वरिष्ठ नेता एवं समस्त कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। पार्टी नेतृत्व ने कहा कि हम सभी मिलकर अपने-अपने बूथ पर मेहनत करें और जनता तक अपनी बात पहुंचाएं।

# नेहरू कॉलेज में एक पुस्तक पढ़ें कार्यक्रम आयोजित

- विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत अपनाने का संदेश

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नेहरू कॉलेज में रविवार को एक पुस्तक पढ़ें कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय संयोजक प्रोफेसर उदय पाल सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की आदत विकसित करना तथा ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर पढ़ें, समझें, आगे बढ़ें का संदेश देते हुए बताया गया कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं और जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी पसंद की पुस्तकों का अध्ययन किया, उनके विचारों को समझा और अपने अनुभव अन्य छात्रों के साथ साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण पुस्तकों के प्रति रुचि कम हो रही है। ऐसे समय में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को फिर से पुस्तकों से जोड़ने का सार्थक प्रयास हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कुछ समय पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, भाषा-कौशल और सकारात्मक सोच का आधार हैं तथा जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

## दबंग से परेशान परिवार ने लगाया मकान बिकाऊ का पोस्टर



विशुनगढ़/कन्नौज। थाना क्षेत्र के महमूदपुर खास गांव में एक परिवार ने कथित दबंगई से तंग आकर अपने घर के बाहर मकान बिकाऊ और पलायन करेंगे का पोस्टर लगा दिया। परिवार का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिससे वे भय के माहौल में रहने को मजबूर हैं। पीड़ित मुकेश चंद्र का कहना है कि पड़ोसी आए दिन शराब के नशे में घर पहुंचकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देता है। विरोध करने पर पत्नी और बच्चों के साथ भी अभद्रता की जाती है। उनका आरोप है कि 26 नवंबर 2023 को आरोपी घर में घुस आया और उनके व पुत्र सूबेदार के साथ मारपीट की। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने का भी दावा किया गया है। पीड़ित के अनुसार, कई बार पुलिस से शिकायत करने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर परिवार ने मकान बेचकर गांव छोड़ने की चेतावनी दी है। परिवार ने पुलिस प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुरक्षा प्रदान करने तथा आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस का पक्ष समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आ सका।

# पुस्तकें व्यक्ति के ज्ञान, व्यक्तित्व व विचारों का सर्वोत्तम माध्यम: डॉ हेमेंद्र

- विश्वविद्यालय कानपुर के निर्देशन में महाविद्यालयों में एक पुस्तक पढ़ें कार्यक्रम आयोजित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में पुस्तकों का अध्ययन करते छात्र- छात्रा व शिक्षकगण

क्षेत्र के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के निर्देशानुसार एक पुस्तक पढ़ें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के ज्ञान, व्यक्तित्व और विचारों का सर्वोत्तम माध्यम हैं।

उन्होंने छात्रों से नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने और पुस्तकों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना, नियमित पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा ज्ञानार्जन के महत्व से अवगत कराना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुस्तकें पढ़ीं और उनसे प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इसीक्रम में गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति के संरक्षण में एक पुस्तक पढ़ें कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन किया।

इसके बाद आयोजित परिचर्चा में विद्यार्थियों ने अपने विचार एवं जिज्ञासाएं साझा कीं, जिनका शिक्षकों ने समाधान किया। प्राचार्य डॉ. हरिओम ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने का आह्वान किया। इस दौरान समस्त शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर आशीर्वाद के लिए विधायक अर्चना पांडे ने जताया आभार



गुरसहायगंज कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

छिबरामऊ विधायक एवं पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने अपने जन्मदिन पर मिले स्नेह, बधाइयों और शुभकामनाओं के लिए क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के नेतृत्व में विधायक अर्चना पांडे का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया था इस दौरान नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए सैकड़ो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी ने केक काटकर धूमधाम के साथ पूर्व खनन मंत्री का जन्मदिन मनाया। सोमवार को विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर मिले स्नेहपूर्ण बधाई, शुभकामनाओं और आशीर्वाद रूपी संदेशों से वे अभिभूत हैं। विधायक ने कहा कि आप सभी ने अपने परिवार की भांति इतना अपनापन और स्नेह प्रदान किया, उसके लिए मैं आप सभी को हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। आप सभी का यह स्नेह, आशीर्वाद, सहयोग और विश्वास ही मेरी ऊर्जा है, जो आपकी सेवा और अपने कर्तव्यों एवं संकल्पों को पूरा करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है। मुझे विश्वास है कि जीवन के हर पथ में आप सभी का मार्गदर्शन एवं सहयोग व आशीर्वाद मुझे प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी ऊर्जा के साथ वे क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेंगी।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र रीतेश कुमार का आचरण अच्छा न होने पर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। कमलेश कुमार पुत्र अवध बिहारी व राधा देवी पत्नी कमलेश कुमार, निवासी बिशुनगढ़, छिबरामऊ, (कन्नौज)।

# भूमि पर कब्जे को लेकर दो गुटों में फायरिंग, प्रधान पति, पुत्र समेत पांच घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गांव निसाई में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने को लेकर तनातनी चल रही है। मुडगांव के प्रधान रामनारायण व उनके स्वजन ने रविवार को ग्राम समाज की भूमि की मेड़ तोड़कर अपनी भूमि में मिला लिया था। गांव निसाई की प्रधान गीता देवी के पुत्र अभय प्रताप ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी थी।

इसी रंजिश में सोमवार दोपहर को दो गुटों में फायरिंग हो गई। इस घटना में प्रधान गीता देवी के पति सतेंद्र, पुत्र अभय समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि हमलावरों ने कई वाहनों में भी तोड़फोड़ की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घायलों का इलाज चल रहा है, जबकि परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार 5 जुलाई की शाम करीब चार बजे मुड़गांव ग्राम प्रधान रामनारायण गाटा संख्या 818 पर जुताई करा रहे थे। इसी दौरान निसाई प्रधान पति सत्येंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और जमीन को सरकारी एवं निसाई ग्राम पंचायत की बताते हुए काम रुकवाने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इसके बाद ग्राम प्रधान गीता चौहान की ओर से मोहम्मदाबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। आरोप है कि कोतवाल मदन मोहन चतुर्वेदी ने मामले में केवल समझौते का प्रयास किया और कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। जबकि दोनों पक्षों के बीच पहले से भूमि को लेकर विवाद और तनाव



दो पक्षों में होती मारपीट



अस्पताल में भर्ती घायल

बना हुआ था। सोमवार को जब मुड़गांव प्रधान विवादित भूमि पर निर्माण कार्य कराने पहुंचे तो निसाई प्रधान पक्ष भी मौके पर पहुंच गया। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे, लोहे की रॉड के साथ कई राउंड फायरिंग हुई। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मोहम्मदाबाद थाना पुलिस, आसपास के थानों का पुलिस बल पहुंच गया।

सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस की भूमिका को लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि रविवार को दी गई शिकायत पर समय रहते सख्त कार्रवाई की गई होती और दोनों पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कदम उठाए गए होते, तो सोमवार को हुई यह बड़ी खूनी वारदात टाली जा सकती थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सूत्रों की माने तो घायलों में अमन प्रताप सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह राठौड़, राहुल पुत्र नीरज निवासी रतनपुर उम्र 23 वर्ष, अतुल पुत्र नेत्रपाल निवासी उम्र 20 वर्ष, मनोज पुत्र वीरपाल, रवीश पुत्र अशोक, सत्येंद्र सिंह राठौड़ पुत्र वीरपाल, अभय राठौर पुत्र सत्येंद्र सिंह राठौड़ के नाम शामिल है। पांच घायलों को डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, बाकी दो घायलों का इलाज डॉक्टर केएम द्विवेदी के अस्पताल में चल रहा है।

जिला अस्पताल की ओर से बताया गया है कि सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर है और आवश्यक उपचार चल रहा है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्रान्तर्गत दो पक्षों के मध्य जमीनी विवाद को लेकर मारपीट एवं फायरिंग हुई है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर, घटनास्थल पर फील्ड यूनिट टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही तथा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगायी गई है।

## दबंग ने अधेड़ को मारपीट कर किया घायल

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज।**

गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने अधेड़ को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना नवाबगंज के गांव दनिया मानपुर सिरौली निवासी बृजेश कुमार शनिवार शाम लगभग 4 बजे गांव के बाहर सड़क किनारे बनी अपनी चौपाल पर बैठा था। उसी दौरान कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव कन्हऊ पट्टियां निवासी युवक चौपाल पर आया। युवक को देख बृजेश ने आने का कारण पूंछा। तो युवक ने किसी से मिलने की बात कही। बृजेश कुमार ने उसी युवक के यहां जाने की बात



जानकारी देता पीड़ित

कहीं। तो युवक गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर युवक ने बृजेश कुमार को लाठी डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट में बृजेश कुमार घायल हो गया। पुलिस को बृजेश कुमार ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## तहसील समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

▶ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में सदर तहसील, में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर पालिका, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। डीएम ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण



फरियादियों की समस्यायें सुनती डीएम व एसपी

सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद एवं आपसी विवादों का संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण करें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में कराते हुए उसकी आख्या पोर्टल पर भी समय से अपलोड की जाए। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के दौरान कुल 79 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 36 प्रकरण राजस्व विभाग, 21 प्रकरण पुलिस विभाग, 03 प्रकरण विकास विभाग, 03 प्रकरण विद्युत विभाग, 04 प्रकरण चिकित्सा विभाग तथा 12 प्रकरण अन्य विभागों के सम्मिलित रहे। इनमें से 02 प्रकरण मौके पर निस्तारित किए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, उप जिलाधिकारी सदर गजराज सिंह, तहसीलदार सदर विक्रम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



शिविर में मौजूद लोग

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने लगाया स्वास्थ शिविर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत चिकित्सा शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को वृक्षों का वितरण किया गया। शिविर पांडेश्वरनाथ मंदिर में आयोजित किया गया। मुख्य रूप से रोहन मिश्रा जिला सहसंयोजक बजरंग दल, नगर संयोजक साहिल मिश्रा, निहाल, आर्यन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ नवनीत गुप्ता उपस्थित रहे। दूसरा शिविर खानपुर ग्राम में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक विभाग संयोजक, अखिलेश जिला मंत्री, शिवाकांत जिला उपाध्यक्ष, अनुज श्रीवास्तव जिला बलोपासना प्रमुख उपस्थित रहे। जिनमें लगभग 200 मरीजों को दवा और पौधा वितरण किया गया।

## तेल रस्म के दौरान खाना बनाते समय लगी आग, दूल्हे की बहन झुलसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा राजेपुर में सोमवार दोपहर बारात की तैयारियों के बीच अचानक गैस सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई। जिससे घर में रखा करीब एक लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान दूल्हे की बहन अनीता आग झुलस गई। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और झुलसी अनीता को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, कस्बा राजेपुर तिराहा निवासी घनश्याम पुत्र सेवाराम की बारात मंगलवार को



आग से जला सिलेंडर

जनपद लखीमपुर खीरी जानी थी। दोपहर करीब 2 बजे घर में तेल की रस्म चल रही थी। इसी दौरान रिश्तेदार और परिजन गैस सिलेंडर पर भोजन तैयार कर रहे थे। अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग लगते ही घर में चीख-पुकार मच गई। सभी लोग जान बचाकर बाहर भागे, लेकिन इस दौरान घनश्याम की बहन अनीता आग की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। आसपास के लोगों ने पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित घनश्याम ने बताया कि आग से करीब एक लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की।

## गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त धर्म राजपूत उर्फ धर्मा पुत्र स्व0 श्रीराम निवासी श्याम नगर भोपत पट्टी को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 11 माह के कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं राजू उर्फ दादौ उर्फ दादा पुत्र स्व0 सियाराम पहलवान निवासी तलैया फजल इमाम फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायाधीश ने 3 वर्ष 6 माह के कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्तों द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित किया जायेगा। धर्म राजपूत पुत्र स्व श्रीराम निवासी श्यामनगर भोपत पट्टी, राजू उर्फदादो उर्फदादा पुत्र स्व शियाराम निवासी तलैया फजल इमाम कोतवाली फर्रुखाबाद को तत्कालीन थानाध्यक्ष अमोद कुमार सिंह ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण वर्ष 1986 के तहत के धर्म राजपूत, राजू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश परमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने धर्म राजपूत को 2 वर्ष 11 माह का साधारण कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया व राजू उर्फदादा को 3 वर्ष 6 माह का साधारण कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## निर्माणाधीन सड़क के किनारे झाड़ियों में मिला युवक का शव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम छीता कपूरापुर की कटरी में निर्माणाधीन सड़क किनारे बनी खंती में सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। युवक के हाथ-पैर बंधे हुए थे और शरीर पर चोट के कई निशान थे। जिससे हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मृतक की आंख, नाक और गले पर चोट के निशान मिले हैं। युवक के बाएं हाथ पर मौम-डैड तथा दाएं हाथ पर मां गुदा हुआ था। वहीं सीने के पास सोनेलाल और अर्चना नाम भी लिखे हुए थे। इन निशानों के आधार पर पुलिस मृतक की पहचान के एवं जानकारी का प्रयास करने में जुटी है। तलाशी के दौरान युवक की लोवर की जेब से एक मोबाइल फोन, 20 रुपए नकद और इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप की एक पर्ची बरामद हुई। यह पर्ची दिल्ली के मुकुंदपुर चौक स्थित पेट्रोल पंप की बताई जा रही है। जिस पर 5 जुलाई को पेट्रोल भरवाने का उल्लेख है। इस सुराग के आधार पर पुलिस घटना की कड़ियां जोड़ने में लगी है। कमालगंज थानाध्यक्ष राम सहाय सिंह ने बताया कि बरामद मोबाइल के जरिए जल्द ही मृतक की शिनाख्त की जाएगी। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच के आधार पर मौत के कारण तथा घटना के पीछे की वजह का जल्द खुलासा किया जाएगा।

**शरीर पर कई चोटों के निशान**



जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

## पांचाल घाट गंगा तट पर चला स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान चलाते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड बढ़पुर के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ओम शिव पांडे के नेतृत्व में सोमवार को पांचाल घाट गंगा तट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गंगा तट पर फैली पॉलीथीन एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री को हटाकर घाट की साफ-सफाई कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छता बनाए रखने तथा गंगा तट को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि पूजा सामग्री एवं प्लास्टिक कचरा गंगा में न डालें और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान में ग्राम पंचायत सचिव अशोक कुमार, रोजगार सेवक संजय, प्रधान प्रतिनिधि नसरुद्दीन सहित स्वयंसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरुक



बच्चों को जागरुक करती महिला कांस्टेबिल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्बा नवाबगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति टीम में छात्राओं को जागरुक किया। नवाबगंज थाने की महिला कांस्टेबिल प्रियंका, निशा चौधरी, सुषमा चौधरी ने सोमवार सुबह प्राथमिक विद्यालय केन्द्र नवाबगंज पहुंचकर मौजूद बालिकाओं को गुड टच व बेड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं व महिला शिक्षकों को शासन के नवीन कानूनों, सोशल मीडिया सुरक्षा व लैंगिक अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। महिला पुलिस कर्मियों ने घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए भी बालिकाओं व महिलाओं को प्रेरित किया। ताकि समय रहते इनपर नियंत्रण किया जा सके। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं, महिलाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे आपातकालीन नंबरों के बारे में भी बताया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद, सरोज कुमारी, बसीम अख्तर, रेनू सिंह, मधुबाला, उर्मिला देवी समेत विद्यालय की रसोइया व बच्चे मौजूद रहे।

### मारपीट में दबंग पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव बीरपुर निवासी गोपाल सिंह के खेत की मेड को शनिवार सुबह लगभग 9 बजे पड़ोसी केशव सिंह ने काटकर अपने खेत में मिलाना शुरू कर दिया। खेत पर पहुंचे गोपाल सिंह ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरू किया। जिसपर केशव सिंह गाली गलौज कर फावड़े से गोपाल सिंह को मारपीट करने पर आमादा हो गया। पुलिस ने गोपाल सिंह की तहरीर पर केशव सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कस्बा नवाबगंज में बच्चों के साथ खिलवाड़

▶ बिना मान्यता वाले विद्यालय में एडमिशन कर रहे हैं शिक्षक एवं प्रधानाचार्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज में कई विद्यालय चल रहे हैं जिनकी मान्यता केवल कक्षा 8 की है। उसके बाद भी कक्षा 10 व 12 के छात्र एवं छात्राओं के प्रवेश करते हैं। ऐसे विद्यालय इंटर तक के छात्र-छात्राओं का एडमिशन कर रहे हैं। कक्षा 9 से लेकर 12 तक के बच्चों के साथ खिलवाड़ हो रही है। कस्बा नवाबगंज में अगर देखा जाए आठ विद्यालय ऐसे हैं, जिनकी मान्यता केवल कक्षा 5 एवं 8 तक की है और हाईस्कूल एवं इंटर के क्लास के छात्र-छात्राओं का एडमिशन करते हैं। नवाबगंज में ऐसे लगभग 8 से 10 विद्यालय ऐसे हैं, जिस पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अगर कोई कर्मचारी वहां जाता भी है तो उनको गुमराह करके वापस भेज दिया जाता है या फिर लालच दिया जाता है। जिससे फिर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। गत वर्ष एक दो विद्यालयों पर कार्रवाई की गयी थी, इसके बाद मामला ठंडा बस्ते में चला गया था। दोबारा उस पर कोई भी कार्रवाई या कोई भी गतिविधि नहीं हुई। अगर ऐसी ही स्थिति रही तो गांव के क्षेत्र के बच्चों का भविष्य खराब हो जाएगा। ऐसी स्थिति में बहुत से बच्चे तो ऐसे हैं जो परीक्षा देने से ही वंचित रह जाते हैं, क्योंकि माता-पिता को पता नहीं बच्चा अपना एडमिशन कहां कर आया है। एडमिशन लेने वाले छात्रों से मोटी रकम वसूली जाती है।

# डीएम ने की वृक्षारोपण, गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में वृक्षारोपण अभियान, गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

डीएम ने कहा कि सभी विभाग वन विभाग की नर्सरी से पौधा उठान कर सूचना नोडल विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराएं, इसके साथ ही सभी विभाग एक दिवसीय वृक्षारोपण उपरांत 02 दिवस के भीतर वृक्षारोपण के फोटोग्राफ्स हरीतिमा पोर्टल पर अपलोड कर जियो टैगिंग कराएं। विभागीय अधिकारी वृक्षारोपण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा जारी मोबाइल नंबर 9807091454 एवं 9627204852 पर अवगत कराएं। 12 जुलाई के बाद आवंटित लक्ष्य की पूर्ति हेतु सभी पेड़ गोशालाओं में लगाए जाएंगे।

इसके साथ ही गोशालाओं में जो भी पेड़ लगाए जाएं वह टी गार्ड के साथ ही बाउंड्री वाल के भीतर ही लगाएं। गौशालाओं में सहजन (मोरिंगा) के पौधे अवश्य लगाएं। ग्राम पंचायतें आवंटित लक्ष्य के अनुरूप सभी पौधे नेशनल हाईवे के किनारे ही लगाएं। विभागीय अधिकारी वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। डीएम ने कहा कि वर्ष 2026 में सभी अधिकारी इस प्रेरणा के साथ कार्य करें कि जनपद में आयोजित वृक्षारोपण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न होकर जनसहभागिता




बैठक लेती डीएम

का प्रमुख उदाहरण बनना। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगाए गए पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं जीवित रहने की दर बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग पौधों की सुरक्षा एवं निगरानी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखने, सीवेज एवं अपशिष्ट जल के समुचित प्रबंधन, घाटों की नियमित सफाई तथा जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगा संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों में संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समयावधि में प्रगति सुनिश्चित करें। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता एवं हरित आवरण बढ़ाने से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ करे। वृक्षारोपण अभियान, गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष 12 जुलाई को जनपद में वृक्षारोपण अभियान की तिथि निर्धारित की गई है। वृक्षारोपण अभियान 2026 के तहत जनपद को 4574800 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त है, जिसमे से 217500 का लक्ष्य वन विभाग एवं 2399800 का लक्ष्य अन्य विभागों को प्राप्त है।

जनपद में 12 जुलाई को एक दिन में 139400 पौधों का रोपण किया जाना है। सभी विभाग आवंटित लक्ष्य के अनुरूप वन विभाग की नर्सरी से पौधा उठान कर लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि के साथ हुआ पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सभी मंडलों के अधिकतर बूथों एवं शक्ति केंद्रो पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया, साथ ही कई बूथों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित भी हुए।

भोजपुर विधानसभा के जहानगंज मंडल में रामाधार कोल्ड स्टोरेज में जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, जिला मंत्री शिव मोहन सिंह, मंडल अध्यक्ष अनुज कटियार एवं मंडल पदाधिकारी ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर वृक्षारोपण किया एवं उनके जीवन पर विचार व्यक्त किया।



वृक्षारोपण करते जिलाध्यक्ष व विधायक

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जन संघ के संस्थापक थे। जिन्होंने राष्ट्र

**▸ कायमगंज के सीपी गेस्ट हाउस में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन**

की एकता अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत एक पेड़ एक संकल्प के साथ वृक्षारोपण भी किया गया है। राष्ट्र सेवा और प्रकृति संरक्षण प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा डीआर मुखर्जी अखंड भारत बनाने के प्रहरी थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की तत्कालीन कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते हुए जिन्होंने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए बिना परमिट के कश्मीर में प्रवेश किया था, लेकिन 23 जून 1953 को संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी। उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए केंद्र की भाजपा सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर रही है। इस मौके पर अनुज कटियार, अरविंद कटियार, कंचन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। मोहम्मदाबाद के दक्षिणी मंडल में नदसा शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 60 पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शैलेश मिश्रा मौजूद रहे। कायमगंज के सीपी गेस्ट हाउस में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महेंद्र राजपूत, अरुण दुबे, अशोक वर्मा, अमर गुप्ता, शिवांश तिवारी, सागर दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका रेनू मिश्रा का आकस्मिक निधन

**▸ विद्यालय परिवार ने दी श्रद्धांजलि**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका रेनू मिश्रा के 4 जुलाई को हुए आकस्मिक निधन का समाचार सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। उनके असामयिक निधन से विद्यालय ने अपनी एक समर्पित, स्नेहमयी एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका को खो दिया है। यह क्षति विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय है।

रेनू मिश्रा विद्यालय की स्थापना के प्रथम शैक्षणिक सत्र से ही विद्यालय परिवार का अभिन्न अंग थीं। अपने सरल व्यक्तित्व, उत्कृष्ट शिक्षण, आत्मीय व्यवहार एवं विद्यार्थियों के प्रति मातृवत स्नेह के कारण वे सभी की प्रिय थीं। उनकी पावन स्मृति में 6 जुलाई को विद्यालय में शोकस्वरूप अवकाश घोषित किया गया तथा श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षक

निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशक अंजू राजे, प्रधानाचार्य पी0 रथ, उपप्रधानाचार्य नवीन शाक्य, समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# देवस्थान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव अमैयापुर के ग्रामीणों ने अमृतपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान देवस्थान की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला उठाते हुए उपजिलाधिकारी न्यायिक यदुवंश सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की गाटा संख्या 147, रकबा 0.0240 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में देवस्थान के नाम दर्ज है। आरोप है कि गांव के ही एक पड़ोसी काश्तकार ने उक्त भूमि को जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज पर उतारू हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि देवस्थान पर मंदिर निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री भी एकत्रित कर रखी गई है, लेकिन भूमि पर कब्जे के कारण धार्मिक स्थल के विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि इस संबंध में तीन से चार बार पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, फिर भी राजस्व विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल से मौके की पैमाइश कराई जाए, अवैध कब्जा हटाकर देवस्थान की भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए तथा भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न होने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी न्यायिक यदुवंश सिंह ने बताया कि देवस्थान की भूमि से संबंधित एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया है कि नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर मामले की जांच कराई जाए। यदि जांच में भूमि देवस्थान के रूप में दर्ज पाई जाती है और उस पर किसी व्यक्ति का अवैध कब्जा मिलता है, तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# साहसी बालिका संस्था ने ऐतिहासिक सोनसरवा सरोवर की सफाई, बदली सूरत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत की उपेक्षा का शिकार हो रहे ऐतिहासिक सोनसरवा शिव मंदिर सरोवर की सूरत कायमगंज नगर की साहसी बालिका संस्था ने बदल दी। संस्था की बालिकाओं ने भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह न करते हुए सफाई अभियान चलाकर सरोवर और आसपास के क्षेत्र को चमका दिया।

यह सरोवर नगर सीमा से सटे गाँव मुडौल सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के पास स्थित है, जिसका संबंध महाभारत काल से बताया जाता है। इसके समीप ही कुंडा नामक श्मशान गृह भी है। इस स्वर्ण सरोवर में खिले कमल के पौधों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। स्थानीय लोग सुबह-शाम यहां टहलने भी आते हैं। ब्लॉक द्वारा लाखों रुपए की लागत से इस सरोवर का सौंदर्यीकरण कराया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में यहां गंदगी का अंबार लग गया था। आगामी बारिश के मौसम में सरोवर पानी से भर जाता है, इसलिए समय रहते इसकी सफाई आवश्यक थी। इस विशेष सफाई अभियान के दौरान, संस्था की सदस्य अपने साथ खुरपी, फावड़ा और झाड़ू लेकर ग्राउंड पर उतरीं। उन्होंने सरोवर के आसपास बनी सीढ़ियों और बेंचों पर जमी काई और मिट्टी को पूरी तरह साफ किया। यह क्षेत्र आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।


ऐतिहासिक सरोवर की सफाई करते लोग

ग्राम पंचायत की उदासीनता के बावजूद, नगर के समाजसेवियों ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने इन पौराणिक स्थलों का जिम्मा उठाया और दोनों स्थानों पर भव्य व विशाल मंदिरों का निर्माण कराया। यही वजह है कि आज यहां सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। इस सफाई अभियान में साहसी बालिका संस्था की खुशबू मिश्रा, सिल्की मिश्रा, प्रियंका दुबे, गरिमा चौहान, दिव्या शाक्य, संजना दिनकर, शीतल, नेहा, गौरी और चिराग सहित अन्य सदस्यों ने योगदान दिया।

# नदीम अहमद फारुकी ने सदर विधानसभा में कई स्थानों पर किया पौधरोपण


वृक्षारोपण करते नदीम फारुकी व मंदीप यादव आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने 194-सदर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक और शैक्षणिक संस्थानों में पौधे रोपे। कार्यक्रम की शुरुआत हथियापुर स्थित शकील खान के प्रतिष्ठान से हुई। जहां पहला वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद दूसरा कार्यक्रम अहिल्याबाई इंटर कॉलेज में विजय पाल सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ। जहां कॉलेज परिसर में पौधे लगाए गए। इसके पश्चात पूर्व जिलाध्यक्ष न्यामत खेड़ा पहुंचे। वहां उन्होंने रामचरण यादव के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके आवास पर दिवंगत आत्मा की स्मृति में वृक्षारोपण किया। नदीम अहमद फारूकी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है। हमें न सिर्फ पौधे लगाने चाहिए, बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी देखरेख का संकल्प भी लेना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मनदीप यादव, राजपाल यादव, हर्ष गंगवार उपस्थित रहे। इनके साथ ही विमलेश शर्मा, यूसुफ खान, अजीम खान, प्रधान लतीफ खान, विजय पाल सिंह, महिपाल सिंह, अतिन पाल, अभय यादव, दीपक गंगवार, सनी शर्मा, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव और अंकित यादव सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

# तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम ने फरियादियों की सुनी समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। उन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत और समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 108, शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 9, शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण किया। उपजिलाधिकारी ने दोहराया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना है। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका परिषद कायमगंज के अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कंपिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


समस्यायें सुनते एसडीएम

# महंगाई के खिलाफ व्यापार मंडल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**▸ पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर सस्ते करने की मांग**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला इकाई के जिलाध्यक्ष व प्रदेश संयुक्त महामन्त्री संजय गुप्ता ने बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में पेट्रोल-डीजल, घरेलू व वाणिज्यिक एलपीजी गैस की कीमतों में कमी और बिजली बिलों पर लगे 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार को वापस लेने की मांग की गई है। कार्यालय नवीन मंडी समिति, कायमगंज व्यापार मंडल ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, गैस तथा बिजली की बढ़ती लागत ने व्यापार, उद्योग और आम नागरिकों के जीवन पर गंभीर आर्थिक बोझ डाल दिया है। परिवहन लागत बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के मूल्य लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता का मासिक बजट असंतुलित हो गया है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए निम्न मांगें रखी गई। कीमतों में तत्काल कमी की जाए। पर्याप्त सब्सिडी बहाल कर आम जनता को राहत दी जाए। सिलेंडरों के दाम कम किए जाएं, ताकि छोटे व्यापारी, होटल व्यवसायी तथा लघु उद्योग राहत पा सकें, प्रदेश में बिलों पर लगाए गए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार को तत्काल समाप्त किया जाए। कम करने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे सब्जियों, राशन व अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण हो सके। मंडल ने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों एवं आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो व्यापार, रोजगार एवं जनजीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव और अधिक बढ़ेगा। ज्ञापन सौपने के दौरान वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष पुखराज डागा, अभिषेक अग्रवाल, अभय कठेरिया, शिवकुमार शाक्य, मनोज कौशल, पवन गुप्ता, अमित सेठ, रश्मि दुबे, लखपतिबाबू सक्सेना आदि मौजूद हैं।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माय भारत द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफनर्सिंग सरैया पोस्ट आवाजपुर में निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम युवा क्लब विवेकानंद के संयोजन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी निताशा डबास ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रथम स्थान कुमारी कोमल व द्वितीय स्थान कुमारी गौरी, तृतीय स्थान पर कुमारी देवकी रही। वक्ताओं ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं एक देश, एक विधान, एक निशान के सिद्धांत पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान रचना द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राएं एवं स्थानीय युवा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य भावना, रचना, अनुराधा शुक्ला सहित लोग उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी निताशा डबास ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्राचार्या ने भी कार्यक्रम की सराहना की एवं युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। संचालन राहुल वर्मा द्वारा किया गया। माय भारत टीम की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगियों, छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।


कार्यक्रम में मौजूद लोग

## छत से गिकर युवक की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

**रात में लघुशंका के उठा था युवक**

थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर में मध्य प्रदेश प्रांत के भिंड क्षेत्र का निवासी एक युवक काफी समय से एक मकान में किराए पर रहकर गोलगप्पे बेचने का काम करता था। रविवार रात युवक किराए के मकान की दूसरी मंजिल की छत पर सो रहा था। रात लगभग दो बजे युवक अचानक लघुशंका के लिए जागा। उसी दौरान युवक छत से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। साथ में रह रहे अन्य युवकों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिए बगैर मृत युवक का शव पैतृक गांव ले गए।

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति का धरना छठवें दिन जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चल रहे धरने में छठवें दिन ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर धरना जारी है।

ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में पिछले 17 वर्षों से नगर पालिका के आ रहे गंदे नाले का पानी से फसलें बर्बाद हो रही है। किसान परेशान है। 20 मई को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। जिस पर 1 जुलाई से किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है।

किसान संगठनों ने मांग की है कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो धरना जारी रहेगा। जिसमें रामपुर डफरपुर के पश्चिम में नालों का पक्का निर्माण कराया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वाले गांव में मुख्य तिराहे, चौराहों पर सौर्य ऊर्जा की लाइटें लगवायी जाये। अमेठी कोहना व कमालगंज के ग्राम गदनपुर में पात्र लाभार्थियों को आवास एवं शौचालय दिया जाये। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर पिछले वर्ष आयी बाढ़ में कई ग्रामीण बेघर हो गये है। ऐसे में उन्हें जगह आवंटित कर रहने के लिए भवन बनवाया जाये आदि मांगों को लेकर धरना जारी रहा। छह बीत जाने के बाद भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। केवल ईओ ही पहुंचे थे, वह भी वार्ता विफल रही। ऐसे में किसानों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है। मांगों को लेकर किसान अड़े हुए है। शीघ्र समाधान न निकला तो आंदोलन और बड़ा होने की संभावना है। इस मौके पर राजेश, चन्द्रशेखर, हिमांशु, रामरहीस, फूल सिंह, प्रांशु राजपूत, अनमोल राजपूत, सुधीर सिंह, विकास राजपूत, नरदेव राजपूत, सोनू राजपूत, हर्ष, पारस, अशोक कुमार, रामपूत आदि लोग मौजूद रहे।


धरने पर बैठे ग्रामीण

# एसडीएम ने सुनी समाधान दिवस में फरियादें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस आयोजित किया गया।सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई इनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष को संबंधित विभागों को समयबद्ध समाधान के लिए भेजा गया है।इस अवसर पर तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने फरियादियों की समस्याएं सुनी।तहसील दिवस में पशु चिकित्सा अधिकारी टिकैतनगर, सहायक अभियंता सिंचाई, बीडीओ दरियाबाद, बीडीओ रामनगर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत दरियाबाद-रामनगर, सहायक विकास अधिकारी कृषि रामनगर, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता दरियाबाद-रामनगर, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण रामनगर-दरियाबाद-पूरेडलई और सिंचाई व जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी अनुपस्थिति रहे।


## कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद।

संख्या 174/नाजिर सदर/वाहन नीलामी (2026-27) दिनांक 01 जुलाई, 2026

### नीलामी सूचना

जिलाधिकारी महोदया फर्रुखाबाद के आदेश दिनांक 11/05/2026 के क्रम में कलेक्ट्रेट फर्रुखाबाद के निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन संख्या यू0पी0 76 जी 0223 (इनोवा) न्यूनतम बोली की धनराशि मु0-90,000.00 रु0 (नब्बें हजार रूपये) तथा वाहन की धत्तेहर धनराशि मु0-20,000.00 रु0 (बीस हजार रूपये) की नीलामी में प्रतिभाग हेतु इंच्छुक व्यक्ति जो भी निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन संख्या यू0पी0 76 जी 0223 (इनोवा) लेना चाहें, वह दिनांक **27/07/2026 को समय 04:30 बजे स्थान-कार्यालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ के कक्ष संख्या 24 में नीलामी समिति के समक्ष** उपस्थित होकर बोली बोल सकते हैं।

उक्त नीलामी से सम्बन्धित सभी शर्ते कार्यालय जिलाधिकारी फर्रुखाबाद के नजारत अनुभाग कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ के कक्ष संख्या 01 नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/**
**विभागीय अधिकारी, फर्रुखाबाद।**

## समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा विशाल धरना-प्रदर्शन

# पलिया देहात में पेयजल संकट गहराया, बोर फेल होने से बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

- थारू बाहुल्य गांवों में पांच वर्षों से नहीं पहुंचा स्वच्छ पानी, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां (खीरी)।** तहसील पलिया कलां के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पलिया देहात में इन दिनों पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पीने के स्वच्छ पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण विशाल धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार, प्रधानमंत्री स्वच्छ पेयजल योजना के तहत निर्मित पानी की टंकी से पिछले लगभग छह महीनों से गंदा पानी आ रहा था तथा पाइपलाइन में रिसाव की समस्या भी बनी हुई थी। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों और ग्राम प्रधान को इसकी जानकारी दी, लेकिन हर बार बजट के अभाव का हवाला देकर मामले को टाल दिया गया। लगातार उपेक्षा के चलते अंततः पानी की टंकी का नलकूप पूरी तरह खराब हो गया, जिससे पिछले एक-दो महीनों से पूरे क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले थारू जनजाति बाहुल्य गांव थारूपुरवा, निराला नगर और निहालीपुरवा में स्थिति और भी गंभीर है। इन गांवों में पिछले पांच वर्षों से स्वच्छ पेयजल की एक बूंद तक नहीं पहुंची है। सरकार द्वारा लाखों रुपये की लागत से लगाई गई पानी की टोटियां आज केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई हैं। भीषण गर्मी के कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग मजबूरी में आर्सेनिक युक्त दूषित पानी पीने को विवश हैं, जिससे संक्रामक एवं गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। 6 जुलाई 2026 को दिए गए ज्ञापन में बबलू गुप्ता, सूफी खान, मेवाराम दिवाकर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे प्रकरण की तत्काल जांच कराई जाए, ग्रामीणों को राहत देने के लिए तुरंत स्वच्छ पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पानी की टंकी के नलकूप की दोबारा खुदाई कराकर इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन तेज करते हुए विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## बांकेगंज में धूमधाम से मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



**समृद्धि न्यूज़, बांकेगंज (खीरी)।** पलिया विधानसभा क्षेत्र के बांकेगंज मंडल के सेक्टर रोशन नगर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। मुख्य वक्ता भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री हर्षल त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के उत्थान और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा 'एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' के संकल्प को साकार करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और राष्ट्रभक्ति की भावना आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## वारंटी अभियुक्तों पर खमरिया पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर (खीरी)।** जनपद में न्यायालय से जारी वारंटों की तामील और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को खमरिया थाना पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम महरिया में दबिश दी। इस दौरान न्यायालय से जारी वारंट के मामले में वांछित चल रहे विमल कुमार पुत्र राममनोहर एवं जगदीश पुत्र झब्बूलाल, निवासी ग्राम महरिया, थाना खमरिया को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में लंबित प्रकरण में वारंटी थे।

## खबरें एक नजर में

### तिकुनिया में 3.50 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, तिकुनिया (खीरी)।** मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तिकुनिया पुलिस ने एक व्यक्ति को 3.50 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह दाराबोझी मार्ग स्थित रपटा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान कुलविन्दर सिंह (45) पुत्र निवासी ग्राम रननगर, थाना तिकुनिया को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 3.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली तिकुनिया में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के साथ ही मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### मवई कला के पंचशील पब्लिक स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव, किया गया पौधरोपण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया रेंज के मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में सोमवार को वन महोत्सव वृक्षारोपण महाअभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों, स्कूल स्टाफव बच्चों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचशील पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक मौर्य, वन दरोगा नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके साथ वन विभाग के अन्य कर्मचारी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर स्कूल परिसर में आम, अमरूद समेत छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया।1 से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है। ष्आम पौधा लगाओ-पेड़ बचाओष् लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वन दरोगा नीटू शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण बचाने व लगाए गए पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं। एक पेड़ लगाने से कई जिंदगियां बचती हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन ने वन विभाग का आभार जताया। वन विभाग ने स्कूल को पौधों की सुरक्षा व सिंचाई की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया।

### दुकान का शटर खोल मनबढ़ चोरों ने लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ, पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर ऊंटी गांव स्थित गड़बड़ा पुल के पास रविवार की देर रात हौसला बुलंद चोरों ने आभूषण की दुकान का शटर खोल आलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफकर दिया। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।हलिया क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी सतीश कुमार अग्रहरि ने ऊंटी गांव के गड़बड़ा पुल के पास किराए के मकान में आभूषण की दुकान खोल रखी है। रविवार की रात मनबढ़ चोर दुकान का शटर खोल कर दुकान के भीतर रखी आलमारी को नैड़ी अदवा मार्ग (पवांरी कलां मार्ग) पर ले गए। जहां आलमारी का लाक तोड़कर उसके भीतर रखा सोने चांदी का आभूषण उठा ले गए। बेखौफचोर सड़क किनारे झाड़ियों में आलामारी को फेंककर चले गए। सोमवार सुबह सड़क किनारे टूटी आलामारी व आभूषण की दुकान का शटर खुला देख मझिगवां गांव निवासी वीरू मौर्य ने दुकानदार को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर एसआई पुनीत गुप्ता,मनोज कुमार राय,एसआई शिवाकांत पांडेय व रमेश यादव ने घटना की जांच की।आभूषण व्यवसायी सतीश कुमार अग्रहरि ने बताया कि करीब चार लाख रुपए की कीमत के सोने चांदी का आभूषण चोरी हुआ है। मौके पर पहुंचे प्रधान संघ अध्यक्ष हलिया शिव बाबू सेठ ने पुलिस से चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की।पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज पुनीत कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की बारीकी से जांच की जा रही है जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### 75 दिवसीय योग जागरूकता अभियान का भव्य समापन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।** जिला आयुष समिति के मार्गदर्शन एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से योग रंजन फाउंडेशन द्वारा संचालित 75 दिवसीय योग जागरूकता अभियान का भव्य समापन बहादुर नगर स्थित योग रंजन योगाभ्यास केंद्र में आयोजित 'योग रंजन योग सेवा सम्मान-2026' समारोह के साथ हुआ। समारोह में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 55 व्यक्तियों और 10 संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट वीरेन्द्र कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के पूर्व जिला प्रचारक एवं माधव चिल्ड्रेन्स एकेडमी के प्रबंधक ऋतुराज वाजपेई, पूर्व प्राचार्य डॉ. डी.एन. मालपानी तथा वरिष्ठ योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. रामेश्वर माहेश्वरी मौजूद रहे।

## निष्ठा और संघर्ष का मिला सम्मान, जैमल सिंह बने भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' के मण्डल सचिव



**समृद्धि न्यूज़, तिकुनिया-खीरी।**

किसानों के हितों के लिए लंबे समय से सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने में भूमिका निभाने वाले भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेता जैमल सिंह को संगठन ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी निष्ठा, सक्रियता और निरंतर संघर्ष को देखते हुए उन्हें भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का मण्डल सचिव लखनऊ मनोनीत किया गया है। जैमल सिंह इससे पहले संगठन में निघासन विधान सभा अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष किया, किसानों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने और संगठन को मजबूत बनाने में उनके योगदान को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। जैमल सिंह अपने मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण के बल पर मण्डल सचिव के रूप में भी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और क्षेत्र के किसानों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान 5.0 का होगा शुभारंभ

- पहले थोक विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान 5.0 के शुभारंभ की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुझाव लिए। बैठक में जागरूकता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक और अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में श्याम बिहारी मिश्रा गुट के जिला अध्यक्ष राममोहन सोनी ने सुझाव दिया कि सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले थोक व्यापारियों को पहले नोटिस देकर छोटे दुकानदारों को पॉलीथीन की आपूर्ति बंद कराई जाए। वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी ने कहा कि फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को पहले अतिक्रमण हटाने की सूचना दी जाए, उसके बाद कार्रवाई की जाए। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने कहा कि सावन मेले को देखते हुए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाए। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा तथा विद्यालयों में प्लास्टिक उन्मूलन विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि इस बार नगर पालिका पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के थोक विक्रेताओं पर कार्रवाई करेगी। इसके बाद छोटे दुकानदारों के खिलाफ पॉलीथीन जब्त करने के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। साथ ही फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया जाएगा।

# 1 किलो 35 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 35 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त की गई चरस की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरफ्तारी 6 जुलाई 2026 को सुबह 2: 25 बजे दुर्गा जी मोड़, खोवा मंडी के पास से हुई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान करनल उर्फ सोनू पटेल (25) के रूप में हुई है, जो मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के बाराडीह, उदितनगर गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे खोवा मंडी कांशीराम आवास के पास से पकड़ा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन राजकुमार मीणा व क्षेत्राधिकारी चुनार जटाशंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक चुनार विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा था।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला झुलसी हालत सामान्य

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव में रविवार की देर शाम घर के पास यूकेलिप्टस के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से बरामदे में बैठी एक महिला अचेत हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार बैधा गांव निवासी 36 वर्षीय धर्मा देवी घर के बरामदे में बैठी थीं। इसी दौरान बूंदाबांदी के बीच घर से कुछ दूर यूकेलिप्टस के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली की तेज गड़गड़ाहट व असर से महिला अचेत होकर गिर पड़ी।परिजन बिना देरी किए महिला को निजी वाहन से हलिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए।

# 34 करोड़ की लागत से 4.5 किलोमीटर रोड का विधायक ने किया शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।**

क्षेत्रीय विधायक ने चुनार रेलवे क्रॉसिंग से नगर पालिका तक रोड चौड़ीकरण का टेकौर चौराहे के पास पूजन कर किया शिलान्यास विधायक ने बताया कि 2018 में चुनार का पक्का पुल बन जाने से इस रूट पर ट्रैफिक ज्यादा बढ़ गया था जिसको लेकर रोड चौड़ीकरण करना अनिवार्य हो गया। कहां की इस प्रकरण पर मुख्यमंत्री से रोड चौड़ीकरण को लेकर वार्ता किया था जिसको स्वीकृति 33 करोड़ 49 लाख दस हजार सुकृति मिली जिसको एक वर्ष में सड़क को कार्य पूर्ण कर लेना है। 34 करोड़ में 6 करोड़ सड़क चौड़ीकरण में जो मकाने जग में आएंगे मुआवजा के रूप में दिया जाएगा। 3 करोड रुपए बिजली विभाग को दिया जाएगा। इसमें 5 वर्ष तक सड़क मेंटेनेंस कार्यदाई संस्था एम के कांट्रैक्टर को करना होगा। 34 करोड़ की लागत में सभी व्यवस्थाएं रोड की करनी है। क्षेत्रिय विधायक अनुराग सिंह ने कहा कि रोड चौड़ीकरण से जिले से आने-जाने और सोनभद्र वाराणसी के लिए सहूलियत होगी। इस दौरान उपस्थित पूर्व कोषाध्यक्ष बचाऊ लाल सेठ, विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मंगरु साहनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्रहास गुप्ता, मनीष राय, गौतमजयसवाल, विकास कश्यप, विजय बहादुर सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, अखिलेश मिश्रा, बृजेश विक्रम सिंह, अभिलाष राय, विजय बहादुर बिन्द आलोक श्रीवास्तव, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता जनार्दन सिंह यादव सहायक अभियंता नंदलाल यादव, जेई अंजेश पटेल, जेई अमरनाथ के साथ नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायतें दर्ज, 3 का मौके पर निस्तारण

- एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील महराजगंज में सोमवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। समाधान दिवस में कुल 60 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 57 शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। समाधान दिवस में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, विकास, पुलिस, चकबंदी एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों की शिकायतें सर्वाधिक रहीं। उपजिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ परीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के दौरान संबंधित फरियादियों को मौके पर बुलाकर उनकी संतुष्टि के साथ समस्याओं का समाधान किया जाए तथा निस्तारित प्रकरणों की आख्या समय से तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, विभिन्न विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी गुलाब पाठक, एसआई हिमालय प्रसाद, कानूनगो, लेखपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर, जनपद की नौतनवा, निचलौल एवं सदर तहसीलों में भी सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## मातृभूमि के वीर सपूत अमर शहीद विजय नाथ शुक्ल को 24वें शहीदी दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि



**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।** जनपद के हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सुगौना के वीर सपूत, अमर शहीद विजय नाथ शुक्ल की 24वीं शहादत दिवस पर सोमवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारतीय सेना में ए.ई.सी. (Army Education Corps) में सूबेदार पद पर तैनात रहे विजय नाथ शुक्ल ने 6 जुलाई 2001 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका यह त्याग आज भी क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति का अमिट प्रतीक बना हुआ है। शहादत दिवस के अवसर पर मगहर-कटसहरा मार्ग स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीद की पावन स्मृति को श्रद्धापूर्वक याद किया गया तथा उनके अद्वितीय साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में शहीद के छोटे भाई ओमकार नाथ शुक्ल एवं शेषनाथ शुक्ल, बड़े पुत्र प्रवीण कुमार शुक्ल तथा अवनीश शुक्ल सहित पूर्व ग्राम प्रधान अवधेश कुमार पांडेय, भास्कर शुक्ल, विजय रत्न शुक्ल, राज त्रिपाठी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



नौतनवा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक की भी इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की संख्या दो हो गई है। एक साथ दो जिगरी दोस्तों की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, नौतनवा थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार सिंहपुर निवासी किशन साहनी (19) पुत्र सिकंदर साहनी और आयुष वर्मा (20) पुत्र दुर्गेश वर्मा रविवार रात रतनपुर स्थित मां बनैलिया रोहिन बैराज क्षेत्र में आयोजित एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। देर रात जब वे मिश्रवलिया-खोरिया नहर मार्ग पर रतनपुर गांव के सामने पहुंचे, तभी तेज रफ्तार के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई।

हादसा इतना भीषण था कि किशन साहनी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आयुष वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में चीख-पुकार मच गई। जिस घर में देर रात बेटों के लौटने का इंतजार हो रहा था, वहां उनकी मौत की खबर पहुंचते ही मातम छा गया। गांव के लोग भी इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध हैं। सोमवार को दोनों युवकों के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। सूचना पर पहुंची नौतनवा पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

## तेज बारिश से गर्मी व उमस से मिली राहत, किसानों के खिले चेहरे

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र में सोमवार को हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से बड़ी राहत मिली है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं के बाद हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। दोपहर बाद तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली। इस बारिश से धान की रोपाई कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। खेतों में नमी आने से खरीफ फसल की बुआई में तेजी आएगी। किसानों का कहना है कि यह बारिश धान, मक्का व सब्जी की फसलों के लिए फायदेमंद है।

# महंगाई के खिलाफ व्यापारियों की हुंकार, पेट्रोल-डीजल, गैस और बिजली दरों में राहत की मांग

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर ऊर्जा कीमतों पर नियंत्रण, गैस सब्सिडी बहाली व ईंधन अधिभार समाप्त करने की उठाई मांग



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ रही पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस तथा बिजली की कीमतों के विरोध में सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार से आम जनता और व्यापारियों को राहत देने की मांग की। जिलाध्यक्ष फूलचंद अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए ईंधन एवं ऊर्जा की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण लगाने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों की घरेलू अर्थव्यवस्था के साथ-साथ व्यापार और लघु उद्योगों की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल, घरेलू एवं वाणिज्यिक एलपीजी गैस तथा बिजली की बढ़ती दरों के कारण व्यापार संचालन की लागत लगातार बढ़ रही है, जिससे छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। जिलाध्यक्ष फूलचंद अग्रवाल ने कहा कि ईंधन की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि का सीधा असर परिवहन व्यवस्था पर पड़ रहा है। परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्यान्न, फल, सब्जियां, दूध, दाल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सबसे अधिक बोझ आम उपभोक्ताओं और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए तो महंगाई का दायरा और बढ़ेगा तथा व्यापार और जनजीवन दोनों प्रभावित होंगे। ज्ञापन में मांग की गई कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तत्काल कमी की जाए, घरेलू एलपीजी गैस पर सब्सिडी दोबारा लागू की जाए तथा वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों के दाम कम किए जाएं, ताकि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों को राहत मिल सके। साथ ही बिजली बिलों पर लगाए गए 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार को तत्काल समाप्त करने और बिजली दरों को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की गई।